

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में चुनावी रैली के दौरान कायकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 121 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण


दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं।- भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -विवेकानंद"

## आलोचना के कारण कांग्रेस का घोषणापत्र हुआ पॉपुलरः गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर**: पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों को लेकर तंज कसा है। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इन दिनों अजीबो गरीब बयान आ रहे हैं। वे बोल रहे हैं कि दो भैंस होंगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी। यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंसों का बीमा किया था, वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र लेकर आ गए, कहां से भैंस लेकर आ गए? क्या-क्या बयान दे रहे हैं। गहलोत ने कहा कि ये लोग 400 पार का दावा कर रहे हैं, लेकिन जो माहौल है, उसमें अगर इनकी सरकार चली भी जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गहलोत गुरुवार को गुजरात दौरे से पहले जयपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं कर सकते जिसका कोई तुक नहीं है।

# कांग्रेस धारा 370 को फिर से लागू करेगीः पीएम मोदी

= जूनागढ़ में पीएम मोदी ने भरी हुंकारः कंग्रेस के एजेंडे पर किया सवाल

**हमला बोला**

**8 मेरा मिशन है देश के उज्जवल भविष्य का, मेरा मिशन है देश को आगे ले जाने काः पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

जूनागढ़ः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए गुजरात में हुंकार भरी। जूनागढ़ में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने इस चुनाव को मोदी का मिशन बताया है। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। पीएम मोदी ने कांग्रेस से उनके एजेंडे को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। रैली में पीएम मोदी ने कहा, "ये चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये चुनाव एंबिशन के लिए नहीं है। वो एंबिशन तो 2014 में देश की जनता ने पूरा कर दिया। 2024 का ये चुनाव मोदी के एंबिशन के लिए नहीं, मोदी के लिए 'मिशन' है और मेरा मिशन है देश के उज्जवल भविष्य का, मेरा मिशन है देश को आगे ले जाने का लेकिन कांग्रेस का एजेंडा क्या है?"



### राम मंदिर-कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा

**पीएम** मोदी ने रैली में बताया कि 500 साल के बाद भगवान राम का मंदिर बन रहा था। आजादी के 75 साल बाद भी उन्होंने (कांग्रेस) रोड़े अटकाने की कोशिश की, अदालतों में भी रोड़े अटकाए। लेकिन ये मेरा सौभाग्य और आपका आशीर्वाद है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया लेकिन जब उसकी प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण उन्हें दिया तो उन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। कांग्रेस ने ये निमंत्रण ठुकरा दिया, वजह भी अब खुलकर बता दी। कांग्रेस ने कहा है, उनके अध्यक्ष ने कहा है कि उनका मकसद भगवान राम को हराना है। ये बयान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र का चुनाव नहीं लड़ रही है, कांग्रेस ने ये चुनाव भगवान राम के खिलाफ बना दिया है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि बताइए आप भगवान राम को हराकर किसे जिताना चाहते हैं? कच्चातिवु द्वीप पर बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि कांग्रेस शासन के दौरान केंद्र को यह मालूम नहीं था कि उनके पास कितनी द्वीप है।

उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा, "कांग्रेस कह रही है कि कश्मीर में जो मैंने आर्टिकल 370 खत्म कर दिया, वो कहते हैं कि 370 हम फिर से लागू करेंगे। इस देश में जो लोग आज संविधान माथे पर रख कर नाच रहे हैं न, उनकी सर्वसत्ता थी, पार्लियामेंट में उनका राज था, कश्मीर में भी उनकी सरकार थी, लेकिन वे कभी भी देश का संविधान सभी जगहों पर लागू नहीं कर पाए। मोदी के आने तक देश में दो संविधान थे। एक संविधान से देश चलता था और दूसरे संविधान से जम्मू-कश्मीर चलता था।"

**सीएए कांग्रेस का दूसरा एजेंडाः पीएम मोदी**

सीएए को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस का दूसरा एजेंडा सीएए है। जो लोग हमारे पड़ोस के देशों में हिंदू हैं, जो भारत मां की संतान हैं, उनका एक ही गुनाह है कि वो हिंदू धर्म, जैन धर्म, बौध धर्म, ईसाई धर्म और पारसी धर्म का पालन करते हैं इसलिए वहां से उन्हें भगा दिया जाता है। मैंने उन्हें मताधिकार देने का कानून बनाया। वे कहते हैं कि हम उसे खत्म करेंगे।" रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि मोदी से चुनौती कर पाएंगे। पीएम मोदी ने बताया, "मैं कांग्रेस और उनके सारे चट्टे-बट्टों को चुनौती देता हूं। आप देश में न फिर से 370 ला पाओगे, न सीएए हटा पाओगे। मैंने तीन तलाक पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया ताकी मेरे देश की मुसलमान बेटियों को सम्मान से जीने का हक मिले। मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं, शहजादे को चुनौती देता हूं, हिम्मत है तो खुलकर कहिए कि दोबारा तीन तलाक की मुक्ति दे देंगे। मोदी है मुकाबला नहीं कर पाओगे।"

# मोदी ने आरोपी प्रज्वल रेवन्ना का समर्थन कियाः राहुल गांधी

**पीएम को घेरा**

**8 शिवमोगा में बीजेपी पर भड़के राहुल, बोले- मंच से मोदी ने किया था आरोपी प्रज्वल का समर्थन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के शिवमोगा में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस रैली के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने अपनी रैली में जद (एस) से निलंबित प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो कांड पर भी हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके वीडियो बनाए। जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोप पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ये (अश्लील वीडियो कांड) स्कैंडल नहीं, बल्कि सामूहिक दुष्कर्म है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि हर एक भाजपा नेता को पता था कि प्रज्वल रेवन्ना एक आरोपी है, फिर भी उन्होंने उसका समर्थन किया, जद (एस) के साथ गठबंधन किया।



उन्होंने कहा कि मंच पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोपी प्रज्वल रेवन्ना का समर्थन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, महालक्ष्मी योजना हिंदुस्तान की अगली सरकार बनाने जा रही है।

## सांसद रेवन्ना राजनीतिक पासपोर्ट पर गए जर्मनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कर्नाटक के जनता दल एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना राजनयिक पासपोर्ट पर विदेश यात्रा पर जर्मन गए हैं तथा इसके लिए ना तो कोई राजनीतिक अनुमति मांगी गई और ना ही ऐसी कोई अनुमति जरूरी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में सांसद प्रज्वल रेवन्ना के संबंध में पूछे गए सवालों के उत्तर में कहा कि मंत्रालय की ओर से उन्हें कोई कोई वीजा कागज नहीं दिए गए।

## 'कांग्रेस-सपा राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखना चाहती थी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूंः** गृहमंत्री अमित शाह बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने गुरुवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज पहुंचे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से सपा, बसपा, कांग्रेस राममंदिर को लटकाकर रखे हुए थी। आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को भी निमंत्रण दिया था,लेकिन वह वोट बैंक के डर से नहीं गए। वह नहीं गए। सपा कांग्रेस अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनको डरना है तो डरें। उनका डर उनको मुबारक। हम भाजपा वाले उस वोटबैंक से नहीं डरते हैं। हमने रामलला को उनके स्थान पर विराजा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर ही नहीं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भी अब तरीके से बनवाया है महाकाल के दरबार को सजाया है। सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के केन्दों को हमेशा प्राथमिकता दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की दादी इंदिरा गांधी कहकर गई थीं कि गरीबी हटाओ, लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया।

**वोटबैंक**

**8 मोदी को दूसरी बार पीएम बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई**

## अब राष्ट्रपति भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**आरोपी काबू**

**8 कॉल करने वाले ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है, 15 मिनट के अंदर फट जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम में बम की कॉल आने से हड़कंप मच गया। कॉल करने वाले ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है, 15 मिनट के अंदर फट जाएगा। यह बात कहते ही कॉलर ने फोन बंद कर लिया।

कॉल आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस ने मशक्कत कर आरोपित को दबोच लिया। आरोपित की पहचान रविंद्र तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है।

**थाना पुलिस की कई टीमें अलर्टः** पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को एक पीसीआर को कॉल मिली कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है।

## संदेशखालीः सीबीआई ने दाखिल की रिपोर्ट

= मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः संदे**शखाली मामले में सीबीआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष सीलबंद लिफाफे में जांच की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा। सीबीआई ने कोर्ट से शिकायत की है कि राज्य भूमि रिकॉर्ड से जुड़े मामलों में सहयोग नहीं कर रहा है। उसके मुताबिक, जमीन कब्जाने से जुड़ी



900 शिकायतें मिली हैं। यदि राज्य आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं करता है तो जांच में देरी होगी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा। मामले को लेकर सीबीआई ने राज्य से कुछ दस्तावेज मांगे हैं। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि एक हफ्ते के अंदर वो सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं। 10 अप्रैल को हाई कोर्ट ने संदेशखाली मामले में की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सुप्रीम कोर्ट गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को टिप्पणी की, 'सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया। यह वांछनीय है कि राज्य को सहयोग करना चाहिए।' वहीं, कोर्ट ने संदेशखाली के कुछ संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया।

# राजनाथ ने राजद की 'लालटेन' को दिखाया 'ताप'

= बिहार में 'लालटेन युग' किसी हाल में नहीं आना चाहिएः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**छपराः केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि बिहार में 'लालटेन युग' किसी हाल में लौटकर नहीं आना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल को घेरते हुए राजीव प्रताप रूडी की तारीफ भी की। वह रूडी के समर्थन में यहां आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रूडी पेशे से पायलट भी हैं, इसलिए वह हवाई जहाज उड़ाते हैं। वैसे ही सारण के सभी



लोकसभा प्रत्याशी को हवा में उड़ा देंगे। भाजपा की विचारधारा को देखते हुए एमपी और गुजरात में कांग्रेस के प्रत्याशी नामांकन के बाद भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 400 पार का जो हमने लक्ष्य लिया है, वह निश्चित ही पूरा कर लेंगे। 10 साल से हम केंद्र की सरकार में हैं, हम विश्व स्तर पर काफी मजबूत हुए हैं।

**घेरा**

**8 रुडी पेशे से पायलट भी हैं, वह हवाई जहाज उड़ाते हैं। सारण के सभी प्रत्याशी को हवा में उड़ा देंगे**

**भारत की बात विश्व कान खोलकर सुनता हैः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सारण लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में राजेंद्र स्टेडियम मैदान में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भारत की बातों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया जाता था। उन्होंने कहा कि आज भारत जब बोलता है तो पूरा विश्व कान खोलकर सुनता है।

## भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** : उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासित कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी के आरक्षण के संदर्भ में मौर्य ने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस देश की जनता को यह लिखित में यह बताये कि आईएनडीआईए धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगा।

# सपा-बसपा-कांग्रेस देश के लिए बोझः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबादः** प्रदेश सरकार में मुखिया योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद में कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा है। सपा, बसपा व कांग्रेस देश के लिए बोझ है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ गुरुवार को फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र की सिरसागंज विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने जय श्री राम के उदघोष, सिरसागंज वाले बाबा कालेश्वर व बाबा नीम करौली की पावन जनस्थली को नमन करते हुए हुए कहा कि दो चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण में आपको मतदान करना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है।

# करण भूषण सिंह कैसरगंज से लड़ेंगे चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह की शरण लेनी ही पड़ी। भाजपा को कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के विकल्प के तौर पर कोई प्रत्याशी नहीं मिला। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा। गुरूवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय से जारी सूची में करनभूषण सिंह को कैसरगंज से लोकसभा उम्मीदवार बनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की गयी। करण भूषण सिंह 03 मई को कैसरगंज से नामांकन दाखिल करेंगे। उनके समर्थकों ने उनके नाम से चार सेट में पर्चा खरीद लिया है। पांचवे चरण के



**घोषणा**

**8 भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा**

चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 03 मई है। इसलिए वह आज नामांकन करेंगे। कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसके बाद भाजपा की देशभर में फजीहत भी हुई। इसके बाद से यह आशंका जताई जा रही थी कि बृजभूषण सिंह को भाजपा लोकसभा का टिकट नहीं देगी। बृजभूषण सिंह का कैसरगंज लोकसभा के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी प्रभाव है। वह गोण्डा से भी सांसद रह चुके हैं। उनके बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोण्डा सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। अब उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से उम्मीदवार बनाया गया है। करण भूषण सिंह ने विदेश से पढ़ाई की है।

**विपक्ष को घेरा** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छह विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया

# भाजपा ने धनबल से सत्ता हथियाने का षडयंत्र रचाः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गुरूवार को चंबा जिले के भरमौर में चुनावी जनसभा में भाजपा पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में धनबल से सत्ता हथियाने का षडयंत्र रचा, लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो पाए। इससे पहले भी भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में पैसों के बल पर कुर्सी हथियाई थी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छह विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट



किया। उन्होंने कहा कि दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई अन्तरआत्मा की आवाज नहीं थी, बल्कि धनात्मा की आवाज थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में भगवान को चुनौती दी थी, लेकिन भगवान ने ही राज्य सरकार को बचाया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया कानून के ज्ञाता हैं और उन्होंने कानून के दायरे में रहकर विधानसभा की कार्यवाही का संचालन किया। सूक्खू ने कहा कि प्रदेश के मतदाता एक जून को राज्य सरकार के 15 माह में किए गए जनकल्याण कार्यों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा की चारों सीटें और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी।

**साधा निशाना**

**8 दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया**

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता संभाली तो खजाना खाली था, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजे बन्द किए और एक वर्ष में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

# 'देशवासी मोदी को ही पीएम बनाने के लिए उत्सुक'

## हमने गारंटी नहीं दी लेकिन जब मौका मिला हमने जनहित के ऐतिहासिक काम किए, कांग्रेस पार्टी में अब हिमाचल के नेता स्व. वीरभद्र सिंह के लिए भाव नहीं

चमन शर्मा

**शिमला :नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतवासी नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक हैं। आज के पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि जब चुनाव भी नहीं हुए हैं और दुनिया भर के देशों ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में आमंत्रित किया है। यह भरोसा नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों का परिणाम हैं। उनके द्वारा शुरू की गई नई परफॉर्मेंस बेस्ड राजनीतिक के कारण ही आज उन पर देश दुनिया के लोग भरोसा करते हैं। उन्होंने रोहडू में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कहा कि रोहडू वाले भी इस राष्ट्र निर्माण के इस समर्पण में अपना पूरा सहयोग दें क्योंकि जिस नेता के नाम पर आप लोग कांग्रेस के साथ खड़े रहे, उस

**समझौता**

8 जब चुनाव भी नहीं हुए हैं और दुनिया भर के देशों ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में आमंत्रित किया है

नेता के प्रति अब कांग्रेस में भाव नहीं हैं। यह साफ.-साफ दिखाई दे रहा है। अपनी सरकार में कांग्रेस को हिमाचल में स्थापित करने वाले नेता को भी दो गज जमीन नहीं मिली। उन्होंने रोहडूवासियों से निवेदन किया कि सुरेश कश्यप को इस बार रोहडू से ऐतिहासिक बढ़त दिलाने में सहयोग करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय कांग्रेस में कोई चुनाव लड? को तैयार नहीं है। जिसे कहो



वही दूसरे का नाम आगे बढ़ाकर पीछे हट जा रहा है। जिसे चुनाव लड? के लिए बाध्य कियाए वह राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर वायरल कर रहा है। इसका कारण यह है कि हर किसी को अपनी करारी हार साफ दिख रही है। इस सरकार में न विधायक सुखी है और न मंत्री और जनता खुश है लेकिन कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुख की सरकार चलाने का दावा करते हैं। यह सरकार बहुमत से गिर चुकी है, व अब जनता की नज? में भी गिर गई है। बजट पारित करने के लिए विपक्ष के विधायकों को निलंबित किया गया। हिमाचल में विकास के अलावा सारे काम हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में दुःख की सरकार चल रही है। आपदा में कांग्रेस की चिट्ठी लाने वाले को ही राहत राशि मिली। जो कांग्रेस के नेताओं के संपर्क में नहीं हैं उन्हें एक पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आपदा से रोहडू में नुकसान हुआ। सरकार राहत नहीं दे पाई है। जहां भी जन-धन की क्षति हुई वहां मैं निजी तौर पर भी गया। बाग, घर, पशुशाला सबका नुकसान हुआ लेकिन राहत नहीं मिल पाई। झूठ बोलकर देवभूमि के लोगों से साथ जो छल किया है, वह पाप है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हजारों की संख्या में चले हुए संस्थान बंद कर दिये। उन्होंने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा किया, बिजली और पानी का बिल माफ लिया। हिमकेयर से पांच लाख का निःशुल्क इलाज दिया, सहारा योजना दी, दुःख इस बात का है यह गारंटी देने वाली सरकार ने यह सुविधाएं बंद कर दी है। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें। सडकों का काम रुका पड़ा है। अस्पताल का काम रुका पड़ा है। स्कूल का काम रुका पड़ा है। हिमकेयर से इलाज रुक गया है। सहारा की पेंशन रुक गई है। आज तक सरकार प्रदेश को आगे ले जाने के लिए काम करती थी यह पहली सरकार है जो प्रदेश को पीछे ले जा रही है।

# भाजपा युवा मोर्चा घर-घर जाकर करेगा प्रचार: रणबीर ठाकुर

एसपी जैरथ

**नाहनः सिरमौर** जिला में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर स्टिकर पंपलेट और प्रचार सामग्री के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में आम लोगों को जागरू करेंगे।यह जानकारी देते हुए सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने बताया की लोकसभा चुनाव के मध्य नजर भाजपा द्वारा प्रकाशित प्रचार सामग्री को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाएंगे ताकि आम लोगों को केंद्र सरकार की नीति और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया की प्रदेश कार्यालय से प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक राज शर्मा के निदेर्शानुसार सिरमौर जिला की सामग्री जिला मुख्यालय से सभी पांचो विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों को भेज दी गई है जहां से युवा कार्यकर्ता उस सामग्री को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया की युवा शक्ति 1 जून को होने वाले मतदान के दौरान गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और साथ में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला से इस बार भाजपा के युवा कार्यकर्ता पांचो विधानसभा चुनाव क्षेत्रों से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भारी मतों से विजयी बनाकर सांसद भेजेंगे।

# हिमाचल प्रदेश में चल रही है मित्रों की सरकारः डॉ. राजीव

चमन शर्मा

**शिमलाः** लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा की हिमाचल प्रदेश में मित्रों की सरकार चल रही है और इन मित्रों पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की फजूल खर्ची हो रही है। वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में 25000 करोड़ का ऋ ण ले लिया है पर आज तक हिमाचल प्रदेश में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ, संसदीय क्षेत्र कांगड़ा के साथ भी इस सरकार ने हमेशा भेदभाव किया और कांग्रेस के नेता अपनी गलती मानने के बजाय केवल लीपापोती का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा की गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भाजपा और भाजपा के सांसद ने अद्भुत कार्य किया। जदरांगल में केंद्रीय विवि के



कैंपस के लिए भूमि का चयन भाजपा के सांसद द्वारा करवाया गया। मटौर से शिमला और पठानकोट से मंडी फोरलेन का निर्माणए शहीद स्मारकों और जीर्णोद्धार के लिए 1.20 करोड़ जारी की गई। भाजपा के नेता एवं सांसद दिन-रात अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करते हैं और दूसरी ओर कांग्रेस के नेता केवल चुनाव लड़ते हैं और उड? छू हो जाते हैं। उन्होंने कहा की हमारी पूर्व प्रदेश सरकार ने हिकाचल में उत्तम कार्य किया है, वन रैंक वन पेंशन के अंतर्गत हिमाचल में 94,709 भूतपूर्व सैनिक लाभान्वित किया गया। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी नौकरियों में 15ः आरक्षण हमारी प्रदेश सरकार ने दिया। पूर्व सैनिकों व उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की आय सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 7 लाख किया गया। यह भी हमारी जयराम ठाकुर सरकार द्वारा शुरू की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के 2600 भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन को 3000 से बढ़ाकर 10,000 तथा 5271 सेना-विधवाओं की पेंशन को 500 से बढ़ाकर 5,000 प्रतिमाह किया तो वो भी भाजपा ने किय।हम कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहते है की की आप अपने पिछले 16 महीने का हिसाब जनता के समक्ष रखे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार, हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा, कांगड़ा-लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार व प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने सत्ता में आते ही सिरमौर का विकास ठप्प कर दिया : विनय गुप्ता

एसपी जैरथ

**नाहनः जिलाध्यक्ष** भाजपा विनय गुप्ता व मण्डल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विगत डेढ़ साल में सिरमौर जिला का सम्पूर्ण विकास बंद कर दिया है। उन्होनें कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाए कि उन्होनें सिरमौर जिला के 75 से ज्यादा स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटवार सर्कल, वैटरनेरी डिस्पेंसरीज, उप-तहसीले व अन्य दफ्तर बंद करके सिरमौर जिला की जनता के साथ धोखा किया है, षडयंत्र किया है।भाजपा नेताओं ने कहा कि सिरमौर जिला के कांग्रेसी विधायकों और नेताओं को यदि थोड़ी सी भी गैरत होती, थोड़ी सी भी जनहित की इच्छा होती तो मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह से सिरमौर के हक की लड़ाई लड़ते।

# रेणुका भाजपा चुनाव समिति का किया गठन : प्रताप रावत

एसपी जैरथ

**नाहनः सिरमौर भाजपा** के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कल दृष्टि गेस्ट हाउस ददाहु मैं रेणुका मंडल भाजपा की एक विशेष बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रवासी सह प्रभारी गोविंद पिलकवाल ने की इस मौके पर उनके साथ रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के प्रवासी चुनाव प्रभारी अरुण बोहरा सह प्रभारी अरुण मित्तल भी विशेष रूप से उपस्थित थे रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए रेणुका मंडल भाजपा ने चुनाव



प्रबंधन समिति का गठन कर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष एवं रेणुका के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक रामेश्वर शर्मा सीमा कन्याल सुनील शर्मा को सह संयोजक बनाया गया है चुनाव कार्यालय प्रमुख दीप राम चौहान सह प्रमुख शमशेर सिंह को बनाया गया है कॉल सेंटर प्रमुख ममता रिनटा सह प्रमुख निर्मला भारद्वाज को बनाया गया है कार्यालय प्रबंधन प्रमुख जयप्रकाश पुंडीर सह प्रमुख दिनेश ठाकुर अतिथि विभाग प्रमुख प्रताप सिंह तोमर सह प्रमुख उजागर कन्याल को बनाया गया है मीडिया विभाग प्रमुख मेलाराम शर्मा सह प्रमुख विनय छिनटा एवं मदन राणा को बनाया गया है मीडिया संपर्क एवं मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रताप सिंह रावत को दी गई है न्यायिक मामले एवं चुनाव आयोग संपर्क प्रमुख हीरापल शर्मा को बनाया गया है।

# आपदा के लिए विशेष राहत पैकेज के नाम पर केन्द्र से एक धेला नहीं मिला : धमार्णी

चमन शर्मा

**शिमलाः** तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धमार्णी ने गत दिवस को भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले साल आई भयंकर आपदा में भाजपा का योगदान शून्य है। धमार्णी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने विशेष राहत पैकेज के नाम पर हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावितों को एक धेला नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज प्रभावितों को प्रदान किया, जिससे उन्हें मुश्किल घड़ी में बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को फिर से बसाने के लिए राज्य सरकार ने वर्षों से चले आ रहे राहत एवं पुनर्वास नियमों में बदलाव किया, क्योंकि पुराने नियमों के अनुसार मिलनी वाली मुआवजा राशि बहुत कम थी। इस मामूली राहत से किसी भी आपदा प्रभावित के लिए अपने घर का पुनः निर्माण करना संभव नहीं होता है। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मुआवजे राशि में ऐतिहासिक बढ़ौतरी कर पूरे देश के समाने एक मिसाल पेश की। राजेश धमार्णी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से राज्य के लगभग 25,000 आपदा प्रभावित परिवारों को फिर से बसाया है। राहत पैकेज के तहत घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाली



1.30 लाख रुपए की सहायता राशि को 7 लाख रुपए किया गया। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने वाले मकान की मुआवजा राशि को 6000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया। यही नहीं, गौशालों, पशुधन तथा कृषि योग्य भूमि को होने वाले नुक्सान के मुआवजे में भी ऐतिहासिक बढ़ौतरी की गई। इसके साथ ही प्रभावितों के पुनर्वास के लिए 31 मार्च, 2024 तक रसोई गैस का कुनैक्शन तथा खाने पीने की सामग्री निशुल्क प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि घरों के पुनर्निर्माण के लिए सीमेंट भी सरकारी दरों पर उपलब्ध करवाया गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा राहत पैकेज पहली बार दिया गया और किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावितों को मिलने वाला यह सबसे अधिक उदार पैकेज है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपदा के समय केवल मात्र राजनीति की और प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने पर लाए गए विधानसभा प्रस्ताव का समर्थन न कर आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिडका।

# पाठशाला जहल-धंग्यारा में दिलाई मतदान की शपथ

सुभाग सचदेवा

**गोहरः** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में मा भी पाणा वोट थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज 26 अप्रैल, 2024 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जहल और धंग्यारा में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई। एसडीएम गोहर ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में देवीदढ़ में ग्रीन पोलिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इस बूथ पर किसी भी प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाएगा। धरवार पोलिंग स्टेशन को युवा चुनाव कर्मी संभालेंगे। नाचन विधानसभा में कुल 4 मॉडल पोलिंग स्टेशन बरनोग, तहसील आफि स पंचायत घर बासा भी स्थापित किए गए हैं। एसडीएम



गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। बच्चो को बोला गया कि आप अपने घर में जाकर भी यह बताएं कि कोई मतदाता सूची से पंजीकृत होने से वंचित न हो। अगर ऐसा है तो अभी भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी 4 मई तक 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा करवा सकते हैं। साथ ही बच्चों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे इस दिन अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में नाचन विधानसभा में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। धंग्यारा स्कूल के पेंटिंग में दिव्य ठाकर और कोमल कुमार, नारा लेखन में विजय और रंजना, भाषण में अर्चना और चेताक्षी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। जहल स्कूल के पेंटिंग प्रतियोगिता में अंजना और अनुराधा, नारा लेखन में शालू और कशिश, भाषण में अंजली और कुणाल क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। उन्हें एसडीएम गोहर द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

# डांस परफॉर्म व रैली के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक बारे दिया संदेश

एसपी जैरथ

**नाहनः** राजकीय उच्च पाठशाला पौका के विद्यार्थियों को सतत शिक्षक समुदाय के साथ जुड? का अवसर मिला। विद्यालय के विधार्थियों एक प्रोजेक्ट (जीरो वेस्ट प्लास्टिक) पर कार्य कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यालय परिसर में और समुदाय में जागरूकता फैलाई ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें। सिंगल यूज प्लास्टिक वे सारी वस्तुएं होती हैं। जिनका एक बार इस्तेमाल करते हैं और फिर उसे फेंक देते हैं। इस तरह से धरती के ऊपर कचरा बहुत अधिक मात्रा में बढ़ रहा है इसका पर्यावरण और मानव के स्वास्थ्य के ऊपर गहरा असर पड़ रहा है। विद्यार्थियों रितिका, शिवानी, कामना, अदिति, कुंजन, इशिका कांवयश आयूष तिशना आदि ने डांस परफॉर्म करके और एक रैली द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में संदेश दिया। मुख्यध्यापिका पवन बाला ने समुदाय में जाकर साथ में रुपा चौहान, रविंद्र कुमार, सुदेश कुमार और बलदेव सिंह गांव की महिला मंडल के साथ मिले उनके साथ इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया की सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना है आप जिस गांव में रहते हैं बहुत सुंदर चारों तरफ पहाड़ सुंदर पेड़ पौधे और ठंडी हवाएं चलती हैं। गांव की सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है।

# 7 और 21 मई को होंगे ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट

खेमचंद शास्त्री

**मंडीः** एसडीएम मण्डी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि मई माह में ड्राईविंग लाईसेंस टैस्ट दो दिन 7 और 21 मई निर्धारित किए गए हैं। टेस्ट छोटा पड्डल में बैडमिटन कोर्ट के सामने की सडक पर होंगे। 7 मई को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिये 2 मई से परिवहन डॉट गॉव डॉट इन के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा रहे हैं और 21 मई को होने वाले ड्राईविंग लाईसेन्स टेस्ट के लिए स्लॉट 14 मई को प्रातः 11:30 बजे से बुक होंगे। उन्होंने कहा कि ड्राईविंग लाईसेन्स



टेस्ट के लिए प्रतिभागियों को अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाईल सहित लाने होंगे। बिना फोटो और फ ाइल के तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं होंगे।

# भाजपा में तय होती है वरिष्ठ नेताओं की एक्सपायरी डेट : पठानियां

चमन शर्मा

**शिमलाः योजना** आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने गत दिवस को कहा कि कांग्रेस सरकार वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है, जबकि भाजपा में अपने वरिष्ठ नेताओं की एक्सपायरी डेट होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुलेआम मंचों से अपने वरिष्ठ नेताओं का अपमान कर रहे हैं और उन्हें कोई नहीं पूछ रहा। उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने वरिष्ठ नेताओं का सम्मान ही नहीं कर पा रही वे आम जनता की क्या सेवा करेगी? पठानियां ने कहा कि भाजपा का एक धड़ा दूसरे धड़े को समाप्त



करने की रणनीति के तहत काम कर रहा है और अपने ही वरिष्ठ नेताओं को सार्वजनिक मंचों से जलील किया जा रहा है। योजना आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस बुजुर्गों के सम्मान की पार्टी है और राज्य सरकार ने बुजुर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं आरम्भ की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आरोग्य योजना शुरू की है जिसके तहत प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी किसानों एवं वृद्धों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने पुरानी पैंशन भी बहाल कर दी है ताकि प्रदेश के सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सरकारी कर्मचारियों को वृद्धावस्था में किसी के आगे हाथ न फैलाने पड़े।

# दिन में 3,6 और 8 मई को एक-एक घंटा बंद रहेगा मंडी से पंडोह एनएच

खेमचंद शास्त्री

मंडीः उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने मंडी से पंडोह के बीच कुल्लू-मंडी एनएच को दिन में तीन दिन एक-एक घंटा बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इस दौरान सडक पर आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। इस अवधि में सडक निर्माण के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बलास्टिंग की जाएगी। आदेशों में बताया गया है कि 3,6 और 8 मई को सुबह 11:30 बजे से 12:30 बजे तक एक-एक घंटे के लिए मंडी से पंडोह के बीच यातायात बंद रहेगा। परन्तु आपातकाल के समय निर्माणकर्ता कंपनी को सडक खुली रखनी होगी।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए बैठक में चर्चा की

श्याम कुल्वी

**कुल्लू :** कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने सचिव युवराज वर्मा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की और इस बैठक में कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने 4 और 5 मई, 2024 को ढालपुर मैदान कुल्लू में जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए चर्चा की, जिसमें विभिन्न दौड़, कूद और थ्रो होंगे। जो एथलीट मानकों को पूरा करेंगे, उन्हें धर्मशाला में होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। पहले जिला कार्यक्रम 27 और 28 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाना था।

# कॉलेज ऑफ लॉ में चुनाव जागरूकता सत्र का आयोजन

एसपी जैरथ

**नाहनः** जिला निर्वाचन विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ काला अंब में चुनाव जागरूकता पर एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में देवेन्द्र सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने भारत में चुनाव प्रक्रिया पर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार हमारा संवैधानिक अधिकार है और यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति कर्तव्य में परिवर्तन लाने वाला साबित हुआ है। जिला नोडल अधिकारी अनिल शर्मा ने भी स्वस्थ राष्ट्र प्रणाली के लिए वोट डालने के हमारे कर्तव्य के बारे में



छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और दुनिया में सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है जिसका उपयोग वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने में किया जा सकता है। उन्होंने नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारेमें बात की। उन्होंने वोटर कार्ड के लिए आसान और त्वरित पंजीकरण के लिएऑनलाइन वेबसाइट लिं भी साझा किया।

# पोलिंग डे मॉनिटरिंग सिस्टम की जांच पर पूर्वाभ्यास आयोजित

सुभाग सचदेवा

**गोहरः** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आज महाविद्यालय बासा में बीएलओ की पोलिंग डे मॉनिटरिंग सिस्टम एप्प की जांच और पूर्वाभ्यास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार इन्द्र सिंह ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के सभी 126 बीएलओ को पोलिंग डे मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी और उन्हें बताया गया कि संपूर्ण भारत के हर बूथ में कल इस मॉनिटरिंग सिस्टम का ट्रायल होगा तो सभी बीएलओ कल अपना-अपने बूथों में उपस्थित रहे व वहां से इस मॉनेटरी सिस्टम पर लॉगिन कर मैसेज करें।



इस मॉनिटरिंग सिस्टम पर संपूर्ण जानकारी देते हुए नोडल ऑफि सर वेद प्रकाश ने मॉनिटरिंग सिस्टम एप्प की छोटी से छोटी जानकारी से सभी बीएलओ को अवगत करवाया व सभी बीएलओ को कल 2 बजे से शाम 6 बजे तक अपने-अपने बूथ पर पोलिंग डे मोनीटरिंग सिस्टम पर 10-10 मिनट के बाद मैसेज करना होगा इस अभ्यास को करने का उद्देश्य पोलिंग डे पर मोनिटरिंग सिस्टम सही प्रकार कार्य कर सके क्योंकि पोल डे पर पीआरओ के द्वारा इसी एप्प के माध्यम से पोलिंग से संबंधित डिटेल इसी एप्प पर अपलोड कर निर्वाचन विभाग को दी जाती है अगर किसी बूथ पर मॉनेटरी सिस्टम का काम सही से कार्य ना करे या वहां सिग्नल की समस्या हो गई तो उस बूथ के लिए अन्य विकल्प स्थापित किए जाएंगे। ताकि मॉनिटरिंग सिस्टम अच्छे से कार्य कर सके। बैठक में सभी बीएलओ को पोलिंग डे मॉनेटरी सिस्टम एप्प का पूर्व अभ्यास भी करवाया गया गया। ताकि बीएलओ को इस एप्प से संबंधित संपूर्ण जानकारी रहे। बैठक में नोडल ऑफिसर वेद प्रकाश एआईटी सेल से महेंद्र, हुकम सिंह ठाकुर व अन्य गणमान्य में उपस्थित रहे।

# कई बार मजबूरी की वजह से भी साथ चलना पड़ता है: वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता

**कड़ी टक्कर देंगे**

**8 भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह हमारे लिए सर्वमान्य है: कार्यकर्ता**





**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने ग्लैमर की दुनिया से एक मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। मगर कंगना रनौत क्या उतनी प्रबल दावेदार है जितना कि यहां से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे महेश्वर सिंह ब्रिगेडियर कुशल भारद्वाज अजय राणा या बहुत अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जो कई सालों से लगातार भाजपा को अपने खून पसीने से सींच रहे हैं। उनको दरकिनार कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने ग्लैमर की दुनिया से एक अदाकारा को मंडी जैसे महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र की कमान सौंपने का निर्णय लिया है। इस बारे में कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह हमारे लिए सर्वमान्य है। कई बार मजबूरी में भी साथ चलना पड़ता है मगर यह भी दीगर है कि जो कार्यकर्ता कई वर्षों से भाजपा को अपने खून पसीने से सींच रहे हैं उनको दरकिनार करना और एक नए अनुभवहीन प्रत्याशी को मंडी जैसे संसदीय क्षेत्र की कमान सौंपना यह कतई भी उचित नहीं है। मगर हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं भाजपा विचारधारा से जुड़े हुए हैं इसलिए हम शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को सर आंखों पर रखते हैं। मगर यह भी सच है कंगना रनौत किसी भी एंगल से राजनीति में परफेक्ट प्रत्याशी नहीं है मगर हमें अपने शीर्ष नेतृत्व का मान सम्मान रखना है हमें कंगना रनौत की जीत के लिए हर संभव प्रयास करने हैं और हम कर भी रहे हैं। उन्होंने यह भी माना कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भी बहुत प्रबल प्रत्याशी नहीं हैं मगर यह सीट दोनों दलों के लिए आसान नहीं है कांटे की टक्कर होगी। इसलिए किसी को भी कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलतफ हमी होगी। इन कार्यकताओं ने कहा मंडी संसदीय क्षेत्र की मंडी जिला के 10 में से 9 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की प्रत्याशी जीते हुए यहां पर निसंदेह है भाजपा को भारी बढ़त मिलेगी जय राम के नाम से कंगना रनौत को वोट मिलेंगे दूसरी तरफ विक्रमादित्य सिंह अपने क्षेत्र में अच्छी बढ़त लेंगे वहां भी भाजपा प्रत्याशी को अच्छे खासे मत मिलेंगे इसलिए दोनों तरफ ही प्रत्याशी एक दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे।

# पशुओं को लावारिस छोडने पर पशु मालिक को हो सकती है तीन माह की सजा

**सख्ती**

**8 एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया**



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: करसोग** में लावारिस पशुओं की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पशुपालन विभाग और नगर पंचायत करसोग के अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा की लोगों द्वारा छोड़े जाने वाले लावारिस पशु दिन-प्रतिदिन गंभीर समस्या बन रहे है। इनका समाधान करना आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि सडकों पर समस्या बन रहे पशुओं को पकड़ कर गौ सदनों में भेजना सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में, उन्होंने पशु पालन विभाग और नगर पंचायत के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा की लोगों द्वारा खुले में छोड़े गए लावारिस पशु सडक पर घूमते रहते है, जिससे यातायात बाधित होने की समस्या के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, लावारिस पशु नगदीं फसलों को भी नष्ट कर रहे है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। एसडीएम ने लावारिस पशुओं की समस्या के समाधान के लिए पशुपालन विभाग और नगर पंचायत करसोग के अधिकारियों को ऐसे पशुओं को पकडकर श्री कृष्ण गौ सदन में भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी देखा गया है कि लोगों द्वारा अपने पंजीकृत और टैग लगे पशुओं को भी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पशु मालिकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी अमल में जा सकती है। उन्होंने कहा टैग लगे व अन्य पशुओं को लावारिस छोडना कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पशु मालिक को कानून के अनुसार तीन माह की सजा और जुमार्नें का भी प्रावधान है।

## संक्षिप्त खबरें

### मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा रूपा शारदा ने जताई चिंता



**चमन शर्मा**

**शिमला:** पूरे हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है महिलाओं और बेटियों के साथ शर्मनाक दर्दनाक घटनाएं हो रही है और पूरी प्रदेश की सरकार मिनिस्टर सब राजनीति कर रहे हैं देवभूमि हिमाचल प्रदेश में पालमपुर की एक युवती को खुलेआम तेज धारा वाले दराता से दर्जनों वार किए गये जो देवभूमि के लिए बहुत ही शर्मसार करने वाली घटना है। मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा रूपा शारदा ने हिमाचल प्रदेश में हो रही महिलाओं पर आए दिन अनहोनी घटनाओं को लेकर चिंता जताई और उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहती हूँ कि प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार को जिस तरह आप हिमाचल प्रदेश की भोली –भोली महिलाओं को छल कर सत्ता में आये हैं कम से कम महिलाओं के लिए उचित सुरक्षा सम्मान व्यवस्था तो दुरुस्त करें नहीं तो आप को सता पर रहने का कोई अधिकर नहीं है।

### वी ने इंटरनेशनल यात्रा को चिंता मुक्त बनाने के लिए पेश किए अजरबैजान एवं चुनिंदा अफ्रीकी देशों के लिए पोस्टपेड रोमिंग पैक

**शिमला: पिछले कुछ** सालों के दौरान अजरबैजान घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या दो गुनी होकर 2023 में 120,000 के आंकड़े पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी अधिक है ।इस आकर्षक गंतव्य पर घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं अजरबैजान और 12 अन्य अफ्रीकी देशों के लिए नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक। अजरबैजान और अफ्रीकी देशों जैसे कैमरून, सूडान, रवांडा, आइवरीकोस्ट, लाइबेरिया, (इक्वाटोरियल) गिनीया, स्वाजिलैण्ड, साउथसूडा, युगांडा, जाम्बिया और गिनियाबिसाउ की यात्रा करने वाले वी के पोस्टपेड उपभोक्ता अब मात्र रु 749 से शुरू होने वाले इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ सहज कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं ।वी अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के कई विकल्प लाए गए हैं जैसे 24 घण्टे का पैक, 10 दिन का पैक, 14 दिन का पैक और 30 दिन का पैक। इनके साथ वे विदेश यात्रा के दौरान भी अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रह सकते हैं। साथ ही वी का ऑल वेज ऑन फीचर उन्हें किसी भी पैक की एक्सपायरी के बाद उन्हें उंचे इंटरनेशनल रोमिंग शुल्क से सुरक्षित रखता है ।वी हर यात्री की जरूरत के अनुसार सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल रोमिंग पैक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन अतिरिक्त देशों के साथ वी के उपभोक्ता अब दुनिया भर के 117 देशों में उचित कीमतों पर सहज इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स का लाभ उठा सकते हैं।

### मारुति सुजुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग शुरू की

**शिमला:** देश की अग्रणी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है ।ग्राहक 11,000/-रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं ।इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है ।मारुति सुजुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है ।लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं ।अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोमेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है।

अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है! मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, मारुति सुजुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है ।यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाती गई है ।एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है ।इसी के साथ ही जहां नई पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है ।हमेशा की तरह, अगली पीढ़ी की स्विफ्ट प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने और 'जॉय ऑफ मोबिलिटी' की सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।'

## इंस्पेक्टर हितेंद्र सिंह का नाहन में सेवानिवृत्त बाद हुआ स्वागत

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** करीब 41 वर्ष भारतीय सीमा की रक्षा में गुजारने वाले हितेंद्र सिंह सेवानिवृत हो गए हैं। आईटीबीपी से सेवानिवृत्ति के बाद नाहन डाबों मोहल्ला पहुंचे सीमा रक्षक का भव्य स्वागत हुआ। माना जाता है कि जब हितेंद्र सिंह चीन सीमा पर हड्डियों को जमा देने वाली बर्फ पर अपनी राइफ ल के साथ कदमताल करते थे तो चीनी दुश्मन आंख उठा कर भी बॉर्डर से इस बार देखने की हिम्मत नहीं करते थे। 5 मई 1983 को आईटीबीपी में भर्ती हुए हितेंद्र सिंह ने ट्रेनिंग के बाद अपनी पहली सेवाएं हिमाचल प्रदेश किन्नौर जिला के साथ लगती भारत-चीन सीमा पर दी। उसके बाद उत्तराखंड के जोशीमठ फिर श्रीनगर, लेह लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान देश की सीमा की रक्षा में 40 से अधिक साल गुजार दिए।बता दें कि यह सीमा सुरक्षा का वह पहले दस्ता होता है जिसके सीने से गुजर कर दुश्मन की गोली बॉर्डर क्रॉस करती है। बेखौफ होकर भारत माता की रक्षा में न जाने कितने हजारों कदम बॉर्डर की रक्षा में नापे होंगे। घर पहुंचे हितेंद्र सिंह की पत्नी कुसुम लता ने अपने पति की आरती उतार कर उनका स्वागत किया। तो वहीं उनकी बेटी शिवानी, बेटे आशीष सहित परिवार व शहर के लोगों ने फूल माला पहना कर उन्हें सेल्यूट किया।

## लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में कुल 1731 बैलट यूनिट, 1432 कंट्रोल यूनिट एवं 1677 वीवी पैट मशीनें मौजूद है। उन्होंने कहा कि मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन



विधानसभा क्षेत्रवार की गई। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत 3 मई, 2024 से मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में पूरे सुरक्षा दायरे में भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मशीनों के रखरखाव के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की जा चुकी है, इसके उपरांत बूथ स्तर के लिए दूसरी रेंडमाइजेशन का आयोजन किया जाएगा में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 19 मई, 2024 को मशीनों की पेयरिंग के लिए रेंडमाइजेशन का आयोजन होगा।

## ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्नः अपूर्व देवगन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: लोकसभा** आम चुनाव-2024 के दौरान उपयोग की जाने वाली ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के निदेशों की अनुपालना करते हुए राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईएमएस 2.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग करके ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन की गई। इससे पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रैंडमाइजेशन प्रक्रिया की प्रक्रिया के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।

## मोहल्ला गोविंदगढ़ में सरिये से लदा ट्रक खराब, जाम बनी समस्या

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** शहर के मोहल्ला गोविंदगढ़ में सरिये से लदा ट्रक खराब होने से जाम की समस्या पैदा हो रही है। बताया जा रहा है कि ट्रक रात से खराब है। बीती रात भी मोहल्ले में भारी जाम लगा था। इस बीच मोहल्ला के युवाओं ने ट्रक को आगे पीछे कर बीच सडक से थोड़ा किनारे लगाया। ट्रक की एक्सल अचानक टूटने से ये खराबी आई है। बुधवार को भी यहां बीच-बीच में थोड़े-थोड़े वक्त के लिए जाम की परेशानी होती रही। हालांकि मौके पर यातायात पुलिस का कर्मी तैनात है। ताकि जाम की समस्या से निपटा जा सके। बता दें कि नाहन शहर की ओर



आते वक्त ट्रक गोविंदगढ़ मोहल्ला में चढ़ाई चढ़ते हुए खराब हो गया। ट्रक को ठीक करने का कार्य जारी है, लेकिन इससे जाम की समस्या बन रही है। यहां धीरे.धीरे वाहनों को पास करवाया जा रहा है। गौरतलब हो कि मोहल्ला गोविंदगढ़ में अकसर जाम की समस्या बनी रहती है। यहां से गुजरने वाली सडक का ये हिस्सा नाहन-कमारहट्टी नेशनल हाईवे 907 ए में है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक और नेशनल हाईवे होने के कारण यहां से दिनभर छोटे-बड़े वाहनों की हजारों की तादात में आवाजाही बनी रहती है।

## वोटर पोर्टल पर 4 मई तक करें पंजीकरण

**हामिद**

**चंबा:** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के सामान्य चुनाव 1 जून 2024 को होने निर्धारित हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भरमौर उप मंडल में लोकतन्त्र में प्रत्येक वोट के महत्व बारे जागरूकता पैदा करने, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवश्य भाग लेने व मतदान के प्रति हर नागरिक को सजग करने हेतु कालेज, स्कूल, बीएलओ, जनप्रतिनिधियों, युवक मण्डल, महिला मण्डल तथा स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## 'कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आने वाले चुनावों में मानी पहले ही अपनी हार'

### कांग्रेस के नेता स्वयं ही चुनाव से पहले ही हथियार डाल चुके हैं



**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस पार्टी को चुनाव में खड़े करने के लिए प्रत्याशी नहीं मिले और जब प्रत्याशी घोषित करें तो मजबूत से ज्यादा मजबूर लगने लगे हैं**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा की अब तो कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता एवं सरकार में मंत्री स्वयं मान चुके हैं की कांग्रेस के प्रत्याशी आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में हारने वाले हैं। हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने कहा की कांग्रेस का एक भी प्रत्याशी न जीते तब भी सरकार स्थिर रहेगी, इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस के नेता स्वयं ही चुनाव से पहले ही हथियार डाल चुके हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पहले तो कांग्रेस पार्टी को चुनाव में खड़े करने के लिए प्रत्याशी नहीं मिले और जब प्रत्याशी घोषित करें तो मजबूत से ज्यादा मजबूर लगने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा हिमाचल कांग्रेस पार्टी से हिसाब मांग रहा है, 16 महीने की सरकार में 25000 करोड़ का लोन ले लिया, खर्चा कहां हिसाब मांग रहा है हिमाचल। रेलवे के लिए पैसा आया 4300 करोड़ से अधिक आया यह राशि खर्च कहां हुई हिसाब मांगता है हिमाचल। आपदा राहत कोष में 1782 करोड रुपए आए कुल राशि 2000 करोड़ से अधिक आई उसमें से केवल 1820 करोड़ खर्च हुए बाकी कहां गया पूछ रहा है हिमाचल।

हिमाचल प्रदेश में आपराधिक और महिला उत्पीडन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं उसके ऊपर सरकार ने कुछ अभी तक कुछ क्यों नहीं किया आज इसका हिसाब भी हिमाचल मांग रहा है।

## 'देश में बेस्ट परफॉर्मिंग हिमाचल पुलिस'

### ।शे के व्यापार और लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम के मामलों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता रहेगी

**जिम्मेवारी**

**8 डॉक्टर अतुल वर्मा ने हिमाचल प्रदेश के नए डीजीपी नियुक्त होने के बाद शिमला पुलिस मुख्यालय में पदभार संभाल लिया**



**चमन शर्मा**

**शिमला :** 1991 बैच के आईपीएस अफ सर डॉक्टर अतुल वर्मा ने हिमाचल प्रदेश के नए डीजीपी नियुक्त होने के बाद शिमला पुलिस मुख्यालय में पदभार संभाल लिया है। इसके बाद मीडिया से बातचीत में डॉक्टर अतुल वर्मा ने कहा कि नई जिम्मेदारी उनके लिए अवसर और चुनौती दोनों है। हिमाचल प्रदेश पुलिस देश में बेस्ट परफ ॉर्मिंग है। वहीं प्रदेश में बढ़ते नशे के व्यापार और लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम के मामलों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता रहेगी। हिमाचल प्रदेश पुलिस के नव नियुक्त डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा ने कहा कि नई जिम्मेदारी उनके लिए अवसर भी है और चुनौती भी। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के मुकाबले हिमाचल प्रदेश में पुलिस का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है और इसका असर यहां के आपराधिक आंकड़ों में भी देखने को मिलता है उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे का बढ़ता व्यापार उनके फ ोकस में रहेंगे। बीते दिनों हिमाचल प्रदेश में हुई अपराधी घटनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश महिलाओं के लिए एक सुरक्षित जगह है उन्होंने कहा कि कितने ही राज्यों में स्कूली छात्राएं बस से बेफि क्र स्कूल और घर आ जा सकती है। ऐसे में हिमाचल महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान है लेकिन जिस तरह की घटनाएं पीछे हुई है इन पर पुलिस गहनता से विचार करेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते नशे के व्यापार पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि इसमें पहले डिमांड को घटाना और सप्लाई पर प्रहार करना पुलिस के फ ोकस में रहेगा। इस दौरान अतुल वर्मा ने कहा कि नशे के बाद उनकी प्राथमिकता प्रदेश में बढ़ते साइबर मामलों पर भी होगी। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम लगातार बढ़ता जा रहा है और हजारों की तादाद में इसके मामले सामने आ रहे हैं।

## इंडस्ट्रीज कर रही प्रदेश से पलायन: बिक्रम ठाकुर

### वर्तमान सरकार की उद्योगनीति सहीं नहीं हैं जिसके कारण हिमाचल से उद्योगों का पलायन हुआ

**चमन शर्मा**

**शिमला : हिमाचल** प्रदेश में पिछले 16 महीने से कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में कार्यरत उद्योग और बड़े-छोटे इंडस्ट्रीज के लिए जिस प्रकार की परिस्थितियां सरकार ने बनाई है उस कारण से लगातार इंडस्ट्रीज यहां से जा रही है। पूर्व उद्योगमंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी बिक्रम ठाकुर ने शिमला में आयोजित प्रैस वार्ता में कहा कि पिछले पांच वर्षों में जयराम ठाकुर की सरकार थी और उस सरकार के समय में केंद्र सरकार से मिलकर जो बड़ी बड़ी योजनाएं लेकर हम लोग आये थेए



आज वो सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली गई हैं। उन्हांने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की उद्योगनीति सहीं नहीं हैं जिसके कारण हिमाचल से उद्योगों का पलायन हुआ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना का गला घोटने का कार्य इस सरकार ने किया हैं। इस योजना के कारण से बहुत बड़ा काम पिछली सरकार के समय में हुआ। जिससे नौजवान 1 करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट लगवा सकते थे। लगभग 4228 यूनिट नए लगे और 200 करोड़ रुपए की सब्सिडी रिलीज की गई थीए परन्तु आज स्थिति यह है कि मुख्यंमत्री स्वाबलंबन योजना को इस सरकार ने समाप्त कर दिया हैं और 200 करोड़ रुपए की देनदारी लंबित हैं। जिसमें ऊना के 150 के लगभग केसिस पेंडिंग पड़े हैं। 8 करोड़ रुपए की सब्सिडी नौजवान बच्चों की फ ंसी हुई है। इसी प्रकार से कांगड़ा के अंदर 320 केसिस पेंडिग है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी योजना थी जिसके कारण हर व्यक्ति, नौजवान को अपने पैरों पे खड़ा हो सकता था और बड़े दुख की बात यह है कि सरकार की नाकामियों और नालायकियां के कारण ये योजनाएं बंद हो गई है। पूर्व उद्योग मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार की योजनाएं और प्रोग्राम इंडस्ट्रीज के लिए दिए हैं उसके कारण से इंडस्ट्री बैकफु ट पर चली गयी हैं। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार के समय बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हिमाचल को मिले जिसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश को 2022 में 1923 करोड़ रुपए का बल्क ड्रग पार्क स्वीकृत किया गया। जयराम ठाकुर की सरकार के समय 225 करोड़ रुपए बल्क ड्रग पार्क के लिए जारी भी कर दिए गए थे। उस समय 1405 एकड़ जमीन इसके लिए निर्धारित की गयी, लेकिन आज 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई फ इनेंशियल इनवेस्टर इनके पास फ इनल नहीं हुआ।

## एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 के नगवाईं कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर सिंह ने पार्बती परियोजना के कार्यपालक निदेशक, निर्मल सिंह को प्लांट भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक के साथ-साथ परियोजना के सभी संघों ने उन सभी सेवानिवृत्त दिवंगत कार्मिकों को याद किया जिन्होंने परियोजना को अंतिम चरण तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यपालक निदेशक ने अपने



संबोधन में कहा कि आप सब के सहयोग से हम परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने वाले है। इस दौरान साजन मोईउद्दीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)राजेन्द्र सिंह रावत, उप महाप्रबंधक (वित्त), गिरधारी लाल, ओमप्रकाश शर्मा व परियोजना के सभी अधिकारीगण, कर्मचारीगण, संविदा कर्मी उपस्थित रहें।

# जयराम ने विधानसभा में दी भगवान को चुनौती: सीएम

**हामिद**
**भरमौर :** चंबा जिले के भरमौर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के मतदाता एक जून को राज्य सरकार के 15 माह में किए गए जनकल्याण कार्यों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा की चारों सीटें और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 6 विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई अन्तरआत्मा की आवाज नहीं थीए बल्कि धनात्मा की आवाज



थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डील की एक ओर किश्त लेने के लिए 6 दागी विधायक एक महीने तक हिमाचल प्रदेश के बाहर मंहगे होटलों में ठहरते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में धनबल से सत्ता हथियाने का षडयंत्र रचा, लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो पाए। इससे पहले भी भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में पैसों के बल पर कुर्सी हथियाई थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में भगवान को चुनौती दी थीए लेकिन भगवान ने ही राज्य सरकार को बचाया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया कानून के ज्ञाता हैं और उन्होंने कानून के दायरे में रहकर विधानसभा की कार्यवाही का संचालन किया। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता संभाली तो खजाना खाली था, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजे बन्द किए और एक वर्ष में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को बन्द करने से हुई अतिरिक्त आय से हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा बार बार पूछती थी कि कांग्रेस सरकार महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी कब पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 3 मार्च, 2024 को पूरे प्रदेश में इन्दिरा गांधी प्यारी
बहना सुख सम्मान निधि योजना शुरू की और महिलाओं को प्रति माह 1500 प्रदान करने के वायदे को निभाया, लेकिन भाजपा इसे रूकवाने के लिए दो बार चुनाव आयोग गई। इसके साथ ही राज्य सरकार ने कर्मचारियों को चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया। पुलिस की डाइट मनी 210 रुपए बढ़ाकर 1000 रुपए की और दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान दागी विधायकों ने सरकार की शान में खूब कसीदे पढ़े लेकिन वोट देने के समय वे भाजपा के हेलीकॉप्टर में बैठकर पंचकूला भाग गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने कानून बनाकर प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया और 27 वर्ष की आयु तक उनकी देखरेख, पढ़ाई का जिम्मा उठाया। इसके साथ ही विधवा एवं एकल महिलाओं के बच्चों की शिक्षा का खर्च भी राज्य सरकार उठा रही है। आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने राजस्व कानूनों में बदलाव किया और राजस्व लोक अदालतों का प्रदेश भर में आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इन राजस्व लोक अदालतों में एक लाख से अधिक इंतकाल और साढ़े सात हजार से अधिक तकसीम के मामले निपटाए गए हैं।

# सुभाष स्नेही ने किया मंडी लोस से चुनाव लडने का ऐलान, पांचवी बार उतरे मैदान में

**ताल ठोकेंगे**

8 चुनावी दंगल में कूद पड़े हैं। आज यहां प्रेस क्लब कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने यह ऐलान किया है

**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू: प्रदेश** उच्च न्यायालय में लंबे समय से बतौर अधिवक्ता अपनी सेवाएं दे रहे जिला कुल्लू के निरमंड के रहने बाले सुभाष स्नेही ने एक बार फि र मंडी लोकसभा से चुनाव लडने का एलान कर दिया है। वे पांचवी बार मंडी लोकसभा के चुनावी दंगल में कूद पड़े हैं। आज यहां प्रेस क्लब कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने यह ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि



दोनों दल छल कपट की राजनीति कर रहे हैं और यहां पर प्रत्याशी आम जनता की पसंद नहीं बल्कि पार्टी की पसंद के जनता के ऊपर थोपे जाते हैं। जो आम जनमानस को मुख्य मुद्दों से भटकाने का काम करते हैं। स्नेही ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र मंडी के अंदर हवाई सेवा, रेलवे सेवा और सडकों की स्थिति सुधारने के लिए काम करेंगें और मंडी लोकसभा क्षेत्र जे अंदर विचाराधीन वल्ह हवाई अड्डे, निरमंड के अवेरी पट्टी पर हवाई अड्डा बनाने और स्पीति के रंगरिक में हवाई अड्डा बनाने का प्राथमिकता के आधार पर काम करेंगें। यही नहीं भुंतर का हवाई अड्डे का विस्तारीकरण किया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र के अंदर एरोनेटिक इंजीनियरिंग कालेज जिससे हमारे विमान चलाने बाले पायलट यहीं तैयार होंगें खोला जाएगा और साथ ही लाहुल स्पीति में अंतरराष्ट्रीय आयुर विज्ञान संस्थान प्राथमिकता के आधार पर खोला जाएगा।

## संतोषगढ़-टाहलीवाल मार्ग पर बजरी होने से राहगीर परेशान

**राजन पुरी**
**ऊना: नगर** परिषद संतोषगढ़ के वीरभद्र चौक से लेकर टाहलीवाल तक सडक पर बजरी बिखरी पड़ी होने से आनेजाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को मार्ग पर पड़ी बजरी से गिरने का खतरा बना रहा। ऐसी छोटी छोटी गलतियों के कारण सडक हादसे हो रहे है। इस तरफ भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। बहुत सारे ट्रैक्टर ट्राली वाले ज्यादा बजरी भर लेते है और वह सडक पर गिरती जाती है और इनके पीछे चलने वाले लोगों को भी खतरा है।


ट्राली से बजरी गिरते समय धूल मिट्टी भी उड़ती है, जिससे पिछले चलने वाले राहगीरों की आंखों में पड़ सकती है और हादसा हो सकता है।

# अनुराग की उपलब्धियां कांग्रेस के नेताओं से पचाई नहीं जा रही: नरेंद्र

**निशाने पर**

8 कहीं ना कहीं खुद को मुकाबले में कहीं नहीं समझ रहे हैं जिस तरह की भाषा का प्रयोग कांग्रेस के नेता कर रहे हैं

**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुर: भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने पिछले कल दिए कांग्रेस के नेताओं के बयान पर भड़कते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की सरकार हिमाचल ही नहीं पूरे देश के लोकप्रिय नेता और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के चार बार के सांसद अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां के आगे असहाय महसूस कर रहे हैं।




और कहीं ना कहीं खुद को मुकाबले में कहीं नहीं समझ रहे हैं जिस तरह की भाषा का प्रयोग कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।
अनुराग ठाकुर के प्रयासों में से एक सांसद खेल महाकुंभ को खुद देश के प्रधानमंत्री ने सराहा है
नरेंद्र अत्री ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात के हमारे नेता हमारे नौजवान पीढ़ी के हाथों में खेल कूद का सामान थमाते हैं उन्हें प्रेरित करते हैं। ताकि हमारी जो नौजवान पीढ़ी है नशे जैसी समस्याओं से दूर रहे और अधिक से अधिक समय खेल के मैदान में व्यतीत करें। और उसके लिए हमारे सांसद अनुराग ठाकुर ने सांसद खेल महाकुंभ जैसी पहल इस देश के अंदर शुरू की और जिस पहल की सराहना इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की और देश के सभी सांसदों से आह्वान किया कि इस तरह की शुरूआत भारत के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में होनी चाहिए। अत्री ने कहा कि हम गर्व महसूस करते हैं अनुराग ठाकुर ने बतौर खेल मंत्री श्रेष्ठतम प्रयास किया है और इस देश के अंदर खिलाडि?ों और खेलों की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। प्रदेश सचिव ने कहा कि आज हम यदि एशियन गेम की बात करें यदि हम पैरा ओलंपिक की बात करें या हम पैरा एशियाई गेम्स की बात करें तो भारत के खिलाडि?ों का शानदार प्रदर्शन वह इस समय कर रहे हैं और पदकों की संख्या में खासी बढ़ोतरी इस दौरान हुई है। अत्री ने यह भी कहा कि औद्योगीकरण की बात करें तो हिमाचल प्रदेश पर्यटन औद्योगिक को अगर पहचान मिली है तो देश ही नहीं दुनिया में अगर मिली है तो अनुराग ठाकुर के प्रयासों से मिली है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से दुनिया का खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में बना जिसमें विश्व कप के पांच मैच होने से इनको लगभग दुनिया के 200 देशों ने देखा गया और इससे हिमाचल प्रदेश के पर्यटन को काफ ी फ ायदा यहां को हुआ है और यहां के लोगों को हुआ है। अत्री ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के नेता इस तरह के बयान बाजी कर रहे हैं वह अपनी तय हार को देखकर बौखला गए हैं इसी वजह से वह इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सेब पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन को लेकर सोलन सब्जी मंडी में आढ़तियों, बागवानों और कमीशन एजेंट के साथ बैठक हुई आयोजित

**मनीष**
**सोलन:** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार सेब पैकिंग को लेकर बागवानों के लिए यूनिवर्सल कार्टन



लाने की बात कर रही है जिसको लेकर वीरवार को सब्जी मंडी सोलन में एपीएमसी के सचिव के साथ कमीशन एजेंट, आढ़तियों, किसान बागवानो की एक बैठक आयोजित हुई है जिसमें विशेष रूप से यूनिवर्सल कार्टन को लेकर चर्चा की गई है। एपीएमसी सोलन के सचिव रविंद्र शर्मा ने बताया कि सेब सीजन को और बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन लाने का फैसला लिया है जिसको लेकर आज एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यह चर्चा हुई है कि सभी वेराइटी का एप्पल बॉक्स 20 किलो का होगा और सभी आढ़तियों, बागवानों और कमीशन एजेंट ने इस बात में सहमति भी दिखाई है। लेकिन आढ़तियों का कहना है कि सेब का अलग-अलग रेट होगा और किसान बागवान द्वारा प्रॉपर तरीके से 20 किलो की पैकिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किलो के हिसाब से भी कोई किसान बागवान अपना सेब मंडी में बेचना चाहता है तो इसका प्रावधान भी मंडी में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 मई को आगामी दिनों में प्रदेश स्तर पर यूनिवर्सल कार्टन को लेकर एक बैठक होने वाली है जिसकी तैयारी के लिए आज सोलन में बैठक आयोजित की गई थी और इसमें सभी आढ़तियों, कमीशन एजेंट किसान बागवानों ने हिस्सा लिया है।

### नौणी विश्वविद्यालय में बागवानी, वानिकी में स्नातक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रकिया शुरू

**मनीष**
**नौणी: डॉ. यशवन्त** सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। बागवानी, वानिकी, प्राकृतिक खेती, जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी और कृषि.व्यवसाय जैसे विविध क्षेत्रों में पढ़ाई करने के रुचि रखने वाले भावी छात्र आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है और इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉग इन करके आवेदन कर सकते हैं। सभी कार्यक्रमों की विस्तृत विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्थित बागवानी महाविद्यालय, वानिकी महाविद्यालय और नेरी और थुनाग में बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालयों के एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, नेरी और थुनाग महाविद्यालयों में बीएससी (ऑनर्स) बागवानी और बी एससी (ऑनर्स) वानिकी कार्यक्रमों के लिए आवेदन किया जा सकता हैं। छात्रों को मुख्य परिसर में बीएससी (ऑनर्स) प्राकृतिक कृषि और बीटेक फूड टेक्नोलॉजी (स्व-वित्तपोषण) में आवेदन करने का भी विकल्प है। विश्वविद्यालय के नेरी महाविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और बीटेक फूड टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय ने नौणी स्थित बागवानी महाविद्यालय और वानिकी महाविद्यालय और नेरी महाविद्यालय में एमएससी कार्यक्रमों की भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। कीट विज्ञान, फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग, फ ल विज्ञान, मॉलेक्युलर बायोलॉजी और जैव प्रौद्योगिकी, प्लांट पैथोलॉजी, प्लांटेशन, स्पाइस, औषधीय और सुगंधित फ सलें, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी और वनस्पति विज्ञान विषयों में बागवानी में एमएससी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एमबीए एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट और एमटेक फूड टेक्नोलॉजी के कोर्स भी छात्रों को ऑफ र किए जा रहे हैं। कृषि अर्थशास्त्र, कृषि विस्तार शिक्षा, कृषि सांख्यिकी, बायोकेमिस्ट्री, पर्यावरण विज्ञान, फ ॉरेस्ट बायोलॉजी और वृक्ष सुधार, वन उत्पाद और उपयोगिता, वन संसाधन प्रबंधन, माइक्रोबायोलॉजी, प्लांट फि जियोलॉजी, सिल्वीकल्चर और एग्रोफ ॉरेस्ट्री और मृदा विज्ञान विषयों में वानिकी में एमएससी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# चुनाव में किसानों-बागवानों के मुद्दों को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने वालों को समर्थन देगा संयुक्त किसान हिमाचल




**चमन शर्मा**
**शिमला: लोकसभा** चुनाव को लेकर हिमाचल में किसानो के विभिन्न संगठनों ने संयुक्त किसान मंच के बैनर तले पांच सूत्रीय मांगपत्र तैयार किया है।मंच ने निर्णय लिया है कि किसानों-बागवानों की इन पांच मांगों को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने वाले उम्मीदवारों को ही प्रदेश में समर्थन करेंगे। संयुक्त किसान मंच का कहना है कि पिछले 10 सालों से हिमाचल के सांसदों ने किसानो बागवानों के हितों को एक बार भी नहीं उठाया। इसलिए इन चुनाव में जो उम्मीदवार किसान हितों की बात करेगा उसे ही समर्थन दिया जाएगा। वहीं दिल्ली में किसान आंदोलन के समय किसानों पर कंगना रनौत द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कंगना पहले माफी मांगे उसके बाद वोट मांगने के लिए आए। शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक हरीश चौहान ने कहा कि हिमाचल में लोकसभा चुनाव में किसान सक्रिय भूमिका निभाएगा और किसान हितों के पांच मांगों पर ही प्रत्याशियों को समर्थन दिया जाएगा। पिछले 10 वर्षों में हिमाचल से रहे सांसदों ने एक बार भी किसान हितों की बाद संसद में नहीं उठाई है। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत

**हित की बात**

8 पिछले 10 सालों से हिमाचल के सांसदों ने किसानो बागवानों के हितों को एक बार भी नहीं उठाया

को आड़े हाथ लेते हुए हरीश चौहान ने कहा कि दिल्ली में किसान आंदोलन के समय कंगना रनौत ने किसानों को लेकर टिप्पणी की थी कि पैसे लेकर किसान धरने पर बैठे हैं और अब कंगना रनौत को हिमाचल में किसानों से इस टिप्पणी पर माफी मांगनी चाहिए तभी किसानों से वोट के अपील करें। मंडी लोकसभा सीट सहित प्रदेश में 70: वोटर किसान ही है इसलिए प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों को किसान हितों को प्रमुखता देनी होगी। किसान हितों को उठाने वाले प्रत्याशियों के समर्थन किया जाएगा जबक और किसान हितों
को नकारने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ प्रदेश में किसान मंच विरोध में प्रचार करेगा।किसान मंच का कहना है कि हिमाचल मे सेब की दुर्दशा हुई है इस वर्ष सेब इम्पोर्ट ड्युटी ना बढ़ाने की वजह से सेब बागवानों को नुक्सान हुआ है।

## धर्मपाल 40 वर्ष की देश के सेवा उपरांत हुए सेवानिवृत्त



**राजन पुरी**
**ऊना:** ऊना जिला की तहसील घनारी के गांव डंगोह खास के धर्मपाल सिंह ठाकुर सेना की सीमा सडक संगठन, बीआरओ से 40 वर्ष की सेवा के उपरांत, बीआरओ के स्वास्थ्य विभाग से सूबेदार नर्सिंग पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि 22 वर्ष की आयु में सेना में नर्सिंग सहायक के पद पर भर्ती हुए थे। भगवान के आशीर्वाद से अपने पद पर उन्होंने देश के दुर्गम इलाकों में कत्तव्य, निष्ठा और ईमानदारी से सेना के मेडिकल विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं।

# मानसिक दबाव में बेतुकी बयानबाजी कर रही कांग्रेस : राजीव बिंदल

**चमन शर्मा**
**शिमला: हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की स्थिति दयनीय हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता भी इस सच्चाई को मान चुके है कि कांग्रेस में अंर्तकलह चली हैं और उनके उपमुख्यमंत्रीए वरिष्ठ नेता अपने बयानों में सरकार की अस्थिरता की आशंका जता चुके हैं। जिससे यह साफ है कि उन्होंने चुनाव से पहले हार मान ली हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में अच्छा परफॉर्म करने वाली है और वर्तमान में 6 विधानसभा की सीटें और चार संसदीय क्षेत्र की सीटों को हम अच्छे मार्जिन से जितेंगे। कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्षा



प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्ट्रक्चर बहुत कमजोर हो चुका है, ऐसे में चुनाव लडके जीतना अत्यंत कठिन है और उन्होंने यहाँ तक कहा कि सरकार और पार्टी का तालमेल नहीं है इसलिए हमारे चुनाव लड? का कोई कारण नहीं है। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा ने इस बात का खुलासा किया और यह एक के बाद एक स्टेटमेंट कांग्रेस पार्टी की इंटरनल स्थिति को पूरी तरह से बयान करती हैं और यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी को छह विधायक अलविदा कह करके भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। आज कांग्रेस सरकार की बौखलाहट, बैचेनी और इनकी घबराहट से उनके नेताओं के शब्दों से नियंत्रण खत्म हो गया हैं। कांग्रेस पार्टी के नेतागण गम्भीर और मानसिक दवाब के दौर से गुजर रहें है। देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर लिया हैं और हिमाचल की जनता भी उस कड़ी में पूरी तरह से शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार स्पष्टरूप से दिखाई देती हैं।

# शूलिनी विवि एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2024 में अव्वल

**मनीष**
**सोलन:** एक और शानदार उपलब्धि में, 14 साल पुरानी शूलिनी यूनिवर्सिटी ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में अग्रणी स्थान हासिल करते हुए प्रतिष्ठित इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बैंगलोर के साथ देश में नंबर एक निजी यूनिवर्सिटी और कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया है। रैंकिंग, जो कल रात घोषित की गई, में शूलिनी विश्वविद्यालय को एशिया में 150वें स्थान पर रखा, जबकि आईआईएससी बैंगलोर को महाद्वीप में 32वें स्थान पर रखा गया है।इसके अतिरिक्त, शूलिनी



विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय आउटलुक के मापदंडों में देश के सार्वजनिक क्षेत्र के विश्वविद्यालयों सहित सभी विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर है और अनुसंधान गुणवत्ता में दूसरे स्थान पर है। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के समान 18 प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग करती है, लेकिन उन्हें एशिया के संस्थानों की विशेषताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए पुनरू कैलिब्रेट किया जाता है।

**उपलबिध**

8 शूलिनी विश्वविद्यालय को एशिया में 150वें स्थान पर रखा, जबकि आईआईएससी को महाद्वीप में 32वें स्थान पर रखा

2024 रैंकिंग में 31 क्षेत्रों के 739 विश्वविद्यालय शामिल हैं। 119 विश्वविद्यालयों के साथ, जापान इस वर्ष सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बना हुआ है। भारत 91 संस्थानों के साथ दूसरे स्थान पर है। पिछले साल से कुल 98 विश्वविद्यालय रैंकिंग में शामिल हुए हैं। इस वृद्धि का नेतृत्व भारत, तुर्की, ईरान और पाकिस्तान कर रहे हैं।

# पहले सेक्टर एक में बाद अब सेक्टर छह में हुई सेंधमारी

**विमल ग्रोवर**
**परवाणू: औद्योगिक** नगरी परवाणू में चोरी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही है। सेक्टर एक में हाल ही में हुई चोरी की घटनाओ के बाद अब सेक्टर छह में भी चोरो ने सेंधमारी शुरू कर दी है। अब चोरो के निशाने पर पानी के मीटर आ गये है। सेक्टर छह में चोरो ने पानी के मीटर चोरी करने शुरू कर दिए है। पुलिस जहाँ शहर में गश्त करने की बात कह रही है, वही चोरी की बढ़ती वारदाते कुछ और ही स्थिति बयान कर रही है। गौरतलब है की सेक्टर एक में पिछले दिनों चोरी की कोशिश करते एक चोर को पकड? की कोशिश की गयी तो उसने किसी तेजधार चीज से एक युवक पर



हमला किया व उसके बाद मौके से फ रार हो गया। इस से पहले स्थानीय निवासी केतन पटेल के घर के ऊपर वाले फ्लोर पर भी चोर घुस आए थे। चोरो ने वहां का सारा सामान छान डाला था, हालाकि वे कुछ ले जाने में सफ ल नहीं हो पाए थे। इसके बाद गाँधी परिवार ने चोरी कर रहे चोरो को देख कर उन्हें पकडने का प्रयास किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। इसी तरह सुनील पाठक के घर से चोर दीवार फ ाद कर गैस सिलिंडर ले उड़े। इस से पहले सुशील जालपूरी के घर का गेट लांघ कर चोर सोलर लाइट्स की बैटरी चोरी करके ले गए थे। अब तो चोरो के हौसले इस कदर बुलंद है की वे लोगो पर हमला तक करने से भी गुरेज नहीं कर रहे है, जिस से लोगो में दहशत का माहौल है। सेक्टर एक के बाद अब सेक्टर छह में चोरी की वारदातो का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से चोर इस क्षेत्र से पानी के मीटर चोरी करके ले जा रहे है। लोगो को किसी बड़ी वारदात का भय से डरे हुए है। इस वार्ड से पूर्व पार्षद व जिला सोलन कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने पुलिस से गुहार लगाई है की इस बारे जल्द कुछ किया जाए। उन्होंने कहा की चोरी की बढ़ती वारदातो से लोग डरे डरे हुए है। ऐसे में क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करे। उधर, डीएसपी प्रणव चौहान का कहना है की चोरी की कोशिश करने के कुछेक मामले उनकी संज्ञान में आए है। पुलिस इस से सख़्ती से निपटने के लिए कार्यरत है। परवाणू के विभिन्न सेक्टरो में पुलिस की गश्त जारी है। उन्होंने कहा की छोटी से छोटी चोरी की वारदात की सुचना लोग तुरंत पुलिस को दे। अक्सर देखा गया है की लोग पुलिस को सुचना देने से परहेज करते है, ऐसे में चोरो के हौसले बढ़ते है। अतः चोरी की हर सुचना पुलिस को जरूर दे।

# सोलन शहर में निगम ने पानी के मुख्य टैंकों को ढकने का कार्य किया शुरू

**मनीष**
**सालन: सोलन** शहर में पानी के टैंकों को रखने के लिए नगर निगम द्वारा कार्य करना शुरू कर दिया गया है 45 लाख रुपए का खर्च टैंकों को ढकने के कार्य में आ रहा है। इन दिनों इस कार्य को निगम द्वारा किया जा रहा है। वीरवार को भी निगम के कर्मचारी टैंकों को ढकने का कार्य करते रहे। मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे विनोद पाल ने बताया कि जिंक एल्युमिनियम टेक्नोलॉजी के माध्यम से यहां पर टैंक को ढकने का कार्य किया जा रहा है यहां पर 8 लाख गेलेन का टैंक है जो की काफी समय से ढका नहीं गया था लेकिन अब इसे



ढकने का कार्य यहां पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में चौथे दिन पानी की सप्लाई निगम की ओर से दी जा रही है लेकिन इसका कारण यह है कि जल शक्ति विभाग द्वारा समय पर पानी का वितरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग से जितना पानी उन्हें मिल पा रहा है उसी हिसाब से वह पानी का वितरण शहर में कर पा रहे हैं यदि जलशक्ति विभाग की ओर से पानी की सप्लाई नियमित हो जाती है तो अल्टरनेट डे पर निगम शहर में लोगों को पानी की सप्लाई देगा।

## न्यूज फ्लैश

### एसके फाइनेंस लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** वर्ष 1994 में स्थापित एसके फाइनेंस लिमिटेड (कंपनी) वाहन फाइनेंसिंग सेगमेंट और एमएसएमई फाइनेंसिंग सेगमेंट में अपनी समकक्ष कंपनियों के मुकाबले सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी है, जिसका विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2021 और वित्तीय वर्ष 2023 के बीच की अवधि के लिए संबंधित सेगमेंट में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) सीएजीआर के आधार पर किया गया है (स्रोत– क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना ?2,200 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपये) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए धन जुटाने की है। कंपनी के प्रमोटर राजेंद्र कुमार सेतिया, यश सेतिया और राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ हैं।आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1 रुपये प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के साथ 500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और विक्रेता शेयरधारक की ओर से 1700 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में राजेंद्र कुमार सेतिया द्वारा 180 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर, राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 20 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस कोइन्वेस्ट फर्स्ट द्वारा 75 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस इंडिया फंड थ्री लिमिटेड द्वारा 25 करोड़ रुपये तक, नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स एक्स – मॉरीशस द्वारा 700 करोड़ रुपये तक और टीपीजी ग्रोथ फोर्थ एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 700 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं (निवेशक विक्रय शेयरधारक)।

### एयरबीएनबी ने लॉन्च किया आइकॉन्स

**फरीदाबाद।** एयरबीएनबी लोगों के लिए नए तरह का अनुभव आइकॉन्स पेश कर रहा है। इसके तहत दुनिया के मशहूर संगीतकार, फिल्म व टेलीविजन कलाकार और खिलाड़ी आदि मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत करेंगे। आइकॉन्स आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएंगे, जिसके बारे में अबतक आप केवल सोचा करते थे। आप चाहें फेरारी संग्रहालय में सोएं या प्रिंस के पर्पल रेन हाउस में रहें या फिर बॉलीवुड आइकॉन जाह्नवी कपूर के समुद्र तट के समीप वाले घर में एक दिन बिताएं।



आज, हम पूरे साल दुनिया भर में शानदार अनुभवों के साथ, एयरबीएनबी पर पहले 11 आइकॉन्स को पेश कर रहे हैं। एयरबीएनबी के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा, आइकॉन्स ऐसे अनुभवों को जीवंत करते हैं जो जादुई और वास्तव में कल्पना से परे होते हैं। आइकॉन्स लॉन्च के हिस्से के रूप में, हम इस विशेष अभियान के लिए जाह्नवी कपूर के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो जाह्नवी के समुद्र तट के समीप वाले घर की एक अभूतपूर्व झलक पेश करेगा। जाह्नवी कपूर ने इस मौके पर कहा, मेरे सबसे प्यारी यादें चेन्नई स्थित हमारे घर में परिवार के साथ बिताई गर्मियों की हैं। यह जगह हमेशा एक आरामदायक जगह की तरह महसूस होती है, और मैं इस खास एहसास को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करना चाहती हूं, यही वजह है कि मैं पहली बार एयरबीएनबी के जरिए अपने घर के दरवाजे खोल रही हूं।

मुझे अपने परिवार की परंपराओं को एयरबीएनबी मेहमानों के साथ साझा करने में खुशी हो रही है, जिन्हें कपूर परिवार की तरह आराम करने, पूल के पास जाने, हमारे कुछ पसंदीदा भोजन का आनंद लेने, योग का अभ्यास करने, मेरी मां के प्राकृतिक त्वचा देखभाल नुस्खों को आजमाने का मौका मिलेगा और सबसे महत्वपूर्ण बात, विशेष यादें बनाने का मौका मिलेगा।

# कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, हम संकल्प के साथ विकास करते हैं: सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार सुबह सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में करनाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की। छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिह्न के रूप में भगवान सूर्य का स्वरूप भेंट किया। सीएम ने सेवा समिति मंडल द्वारा रखी गई मांगों को चुनावों के बाद पूरा कराने का आश्वासन दिया। मंडल की धर्मशाला में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ घोषणा पत्र जारी किए हैं, किसी भी घोषणा को पूरा नहीं किया। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जिस कारण लोगों

**अपील**

8 देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए फिर से चुनें मोदी सरकार

8 सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत

को प्रताडना झेलनी पड़ती थी। सीएम ने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए, उन्हें संकल्प के साथ पूरा किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार को चुनें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले।

## कांग्रेस नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है : नायब सैनी

**समारोह** के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी पूर्व सीएम हुड्डा के बयान पूछे गए सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि हुड्डा साहब मान रहे हैं कि कांग्रेस मुकाबला में है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिछले चुनावों में भी मान रहे थे और 10 की 10 सीटों पर कांग्रेस साफ हो गई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस से खत्म हो चुका है। कांग्रेस के समय में नौकरियां मंत्रियों के चक्कर काटने और पर्ची तथा खर्ची से मिलती थी। कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, उन घोषणाओं को पूरा कभी नहीं करती। कांग्रेस 24 घंटे बिजली देने के वादे कई बार चुकी, लेकिन 24 घंटे बिजली भाजपा सरकार ने दी।

भूपेंद्र हुड्डा के पोर्टल बंद करने के सवाल पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार को जन्म देने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि आज आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, बीपीएल कार्ड घर बैठे बन रहे हैं। डबल इंजन सरकार सभी सुविधाएं प्रदेशवासियों को दे रही है।

सीएम ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब, किसान, कर्मचारी और महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की गई, जिनका पूरा लाभ हर व्यक्ति को मिला है। युवाओं को रोजगार दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मीडिया कॉरडीनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर नगर निगम रेणु बाला, अमरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अमर ठक्कर, एडवोकेट विजय पाल सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नायब सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से जिस तरह से देश और प्रदेश का विकास हो रहा है, वह जारी रहेगा और भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की सेवा की अब सांसद बनकर भी वह जनता की सेवा करेंगे। सीएम ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को दो मशीनों में कमल के फूल का बटन दबाकर एक कमल को लोकसभा में दिल्ली भेजना है और दूसरे कमल को चंडीगढ़ भेजना है।

## चौथे दिन लोकसभा के लिए एक प्रत्याशी ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन करनाल लोकसभा के लिए 1 निर्दलीय प्रत्याशी मनोज बंसल ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह की ओर से एआरओ एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने नामांकन लिए।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन भरने का कार्य 29 अप्रैल से आरम्भ हो गया था। नामांकन की यह प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी।

इस प्रक्रिया के चौथे दिन करनाल लोकसभा क्षेत्र के लिए 1 उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन लघु सचिवालय के प्रथम तल पर उपायुक्त कोर्ट में सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक लिए जा रहे हैं। चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्याशी सहित केवल 4 व्यक्तियों को ही कार्यालय में आने की अनुमति है।

**करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन पत्र :** करनाल विधानसभा उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के चौथे दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया।

## करनाल में 7 लाख 53 हजार 95 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है।

गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 53 हजार 95 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

# सतपाल के साथ विधायक, मेयर व पाषर्दों ने की वोटों की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** सोनीपत से लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के लिए सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान व समस्त पाषर्दों ने मतदाताओं से वोट की अपील की। मतदाताओं ने आश्वासन देते हुए कहा कि हाथ के निशान पर वोट डालकर सतपाल ब्रह्मचारी को भारी बहुमत से विजयी करवाएंगे।

लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने कामी रोड स्थित सब्जी मंडी में मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बीजेपी सरकार से सबसे ज्याद दुखी व्यापारी वर्ग है। व्यापारी को बीजेपी व्यापार नहीं करने दे रही। कभी कोई टैक्स तो कभी कोई टैक्स लगाकर व्यापारी के व्यापार पर चोट मारने का काम कर रही है। जब तक व्यापारियों को प्रदेश व देश मे अनूकुल माहौल नहीं मिलेगा तब तक कैसे व्यापारी व्यापार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभावासियों के लिए 24 घंटे सेवा में हाजिर रहूंगा। दस साल के कुशासन को यदि हम मिटाना चाहते है तो 25 मई को हाथ के निशान पर बटन दबाकर अपना आशीर्वाद उन्हें दे। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभा का प्रत्येक वर्ग खुशहाल रखना ही उनका मुख्य ध्येय है। जिसकी लिए उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित किया है। इसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेसजनों के साथ नई अनाज मंडी व वार्ड-19 में डोर टू डोर पहुंचकर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से वोट की अपील की। सभी मतदाताओं ने 25 मई के हाथ के निशान पर बटन दबान का आश्वासन दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि लोकसभा की जीत भी विधानसभा का रास्ता तय करेगी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी लोकसभावासी एकजुट होकर सतपाल ब्रह्मचारी को विजयी बनाएंगे। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, सुरेंद्र छिक्कारा, सुरेश त्यागी, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, ललित खत्री प्रधान, मनीष सैनी, राजेश दहिया, अनुज जैन, रणदीप दहिया, अनिल नागर, शीला आंतिल, रेखा राणा, प्रोमिला मलिक, ऋतु, कमल हसीजा, देवेंद्र, धर्मवीर, हरेंद्र राठी, दलेल सिंह, ऋतूराज प्रधान, बंसी कूंडु, डॉ नरेंद्र गोस्वामी, प्रेम धमीजा, कृष्ण मलिक सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**समर्थन**

8 आश्वासन देते हुए कहा कि हाथ के निशान पर वोट डालकर सतपाल ब्रह्मचारी को भारी बहुमत से विजयी करवाएंगे

## वी ने इंटरनेशनल यात्रा के लिए पेश किए पोस्टपेड रोमिंग पैक



**गुरुग्राम।** पिछले कुछ सालों के दौरान अजरबैजान घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी होकर 2023 में 120,000 के आंकड़े पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी अधिक है। स आकर्षक गंतव्य पर घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं अजरबैजान और 12 अन्य अफ्रीकी देशों के लिए नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक। अजरबैजान और अफ्रीकी देशों जैसे कैमरून, सूडान, रवांडा, आइवरी कोस्ट, लाइबेरिया, (इक्वाटोरियल) गिनीया, स्वाजिलैण्ड, साउथ सूडा, युगांडा, जाम्बिया और गिनिया बिसाउ की यात्रा करने वाले वी के पोस्टपेड उपभोक्ता अब मात्र रु 749 से शुरू होने वाले इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ सहज कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। वी अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के कई विकल्प लाए गए हैं जैसे 24 घंटे का पैक, 10 दिन का पैक, 14 दिन का पैक और 30 दिन का पैक।

इनके साथ वे विदेश यात्रा के दौरान भी अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रह सकते हैं। साथ ही वी का ह्यऑलवेज ऑनह्न फीचर उन्हें किसी भी पैक की एक्सपायरी के बाद उन्हें उंचे इंटरनेशनल रोमिंग शुल्क से सुरक्षित रखता है।

वी हर यात्री की जरूरत के अनुसार सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल रोमिंग पैक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन अतिरिक्त देशों के साथ वी के उपभोक्ता अब दुनिया भर के 117 देशों में उचित कीमतों पर सहज इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स का लाभ उठा सकते हैं।

# 'चुनाव प्रचार में ऊर्जा के अतिरिक्त प्रबंधन कौशल का करें उपयोग'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में लोकसभा चुनाव के लिए समीक्षा बैठक लोकसभा चुनाव प्रभारी यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की अध्यक्षता एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।

बैठक में घनश्याम दास अरोड़ा ने लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों का आह्वान किया कि वे चुनाव प्रचार के कार्य में न केवल ऊर्जा बल्कि अपने प्रबंधन कौशल का भी सटीक उपयोग करें। समाज का कोई वर्ग और संसदीय क्षेत्र का कोई हिस्सा ऐसा न रहे, जहाँ पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पूर्व मुख्यमंत्री करनाल लोक सभा प्रत्याशी मनोहर लाल एवं विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट माँगने न पहुँचे।




# 'सिरसा की सिख बाहुल सीटों का ब्लूप्रिंट तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी सरदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि देशभर का सिख समाज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार फिर प्रधानमन्त्री बनाने के लिए बढ़-चढकर कमल का बटन दबाकर 400 पार के संकल्प को पुरा करने में मदद करेगा। हरियाणा की करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला व सिरसा की सिख बाहुल सीटों का ब्लूप्रींट तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सिखों की भावना को समझकर करतारपुर कोरिडोर बनवाया है। यह कोरिडोर बनना सिख समाज के लिए भगवान राम मन्दिर की तरह खुशी देने वाला है, छोटे साहिबजादों की याद में वीरबाल दिवस की घोषणा के साथ-साथ साढे पाँच सौ साला व साढे तीन सौ साला समागम मनाकर नरेन्द्र मोदी ने सिख समाज का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सिखों के हर बड़े आयोजन में सिर पर खण्डे वाले निशान का पटका पहनकर सिख गुरुओं की शरण में दण्डवत सिर झुकाने वाले पहले प्रधानमन्त्री हैं। सिख जत्थेदारों से मिलकर अगली रूपरेखा तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा हरियाणा के विकसित भारत विकसित हरियाणा के सम्पर्क प्रमुख रघुमल भट्ट वाल्मीकि, राजसिंह गोदारा, आरडी अरोड़ा व पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**रोडमैप**

8 पटका पहनकर सिख गुरुओं की शरण में दण्डवत सिर झुकाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं

# भाजपा अप्रत्याशित जीत की ओर अग्रसर: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने वीरवार को पश्चिमी दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत का नामांकन कराया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा सहित जोश व उत्साह के साथ उमड़े जनसैलाब के जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच कमलजीत सहरावत ने अपना नामांकन दाखिल किया ।

धनखड़ ने कहा कि पहले दो चरणों के मतदान की रिपोर्ट भाजपा कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाने वाली है। मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा अप्रत्याशित जीत की ओर अग्रसर है। देश की समझदार जनता जनार्दन ने इंडी गठबंधन के दुष्प्रचार की हवा निकाल दी है। अफवाह ज्यादा देर नहीं टिकती। कांग्रेस लोगों को धर्म और जाति के नाम पर आपस में लड़ाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाहती है। भाजपा किसी भी कीमत पर कांग्रेस की इस बुरी मंशा को कभी पूरा नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने बार बार दोहराया है कि आरक्षण को खत्म नही किया जा सकता और न ही बाबा साहेब का संविधान बदला जा सकता है। कांग्रेस अफवाह फैलाकर समाज को आरक्षण के नाम पर आपस में लड़ाना चाहती है। धर्म के नाम पर भावनाएं भड़का रही है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव के दौरान संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी अफवाह फैलाई जा रही हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी अफवाह फैलाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है। हमारा संकल्प पत्र और पार्टी की नीति है कि सबका साथ - सबका विकास और सबका विश्वास। भाजपा देश को धर्म और जाति के आधार पर बांटने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी। दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत को पश्चिमी दिल्ली से ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा है । समान नागरिक सहिता का कानून बनाने में दिल्ली की शत प्रतिशत भागीदारी होनी चाहिए। भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 हटाई थी जब भी उसमे दिल्ली की शत प्रतिशत भागीदारी थी।

राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि देश की जनता के साथ दिल्ली के लोग भी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनमत के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। दिल्ली प्रदेश की सातों सीटों पर भाजपा बड़े बहुमत के साथ जीत रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के भ्रष्ट गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। दिल्ली के समझदार मतदाता मोदी के कुशल व सशक्त नेतृत्व में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं।



**दावा**

8 पहले और दूसरे चरण के मतदान की रिपोर्ट उम्मीदों से भी बढ़कर, कार्यकर्ता उत्साहित

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजीत निवासी खडवाली रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 6 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह उसकी नाबालिग लड़क ये को बहला- फुसलाकर उसके साथ संजीत ने दुष्कर्म किया। किसी ने कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## पड़ोसी पर डंडे से पिटाई व मोबाइल नकदी छीनने का आरोप

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव ठरू में ग्रामीण को अपने सो रहे पड़ोसी को खाना खाने के लिए उठान्ङ्मा महंगा पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसी ने ग्रामीण क्टी डंडे से पिटाई कर दी। पीड़ित ने मोबाइल व नकदी छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। ुलिस ने सूखीलहाल ा मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव ठरू निवासी रामप्रसाद ने बताया कि वह मंगलवार रात को अपने पड़ोसी के घर पर उसे खा न्ङ्मा खाने के लिए पूछने गए थे। उस समय उनका पड़ोसी सो रहा था। उन्होंने उसे नींद से जगाया तो वह गुस्सा हो गया। ने डंडे से उसके चेहरे पर वार कर घायल कर दिया।

# 'योग की डोज, रखेगी स्वस्थ हर रोज'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सुबह प्रकृति के सानिध्य में योग करने से व्यक्ति ताउम्र स्वस्थ रह सकता है। योग स्वास्थ्य के लिए वरदान है। योग द्वारा स्वास्थ्य को नियंत्रित और विस्तार किया जाता है। इसी योग और नियंत्रित स्वास्थ्य का संयोजन दिमाग और शरीर को शक्तिशाली बनाता है।

उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग क्रियाएं और तरह-तरह के आसान त्रिकोणासन, वीरभद्रासन, पंछी आसान, और साथ ही प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग शिक्षिका नीलम बटला ने साधनों को हास्य आसान और सिंह गर्जना का अभ्यास करवाया शिक्षिका वीना धीर और एनएफ चौधरी यहां मौजूद रही। दिनेश गुलाटी ने योग के एक महत्वपूर्ण अंग ध्यान अर्थात मेडिटेशन करवाते हुए कहा कि ध्यान और योग दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लगातार ध्यान लगाने से मन शांत और शरीर से होता है। ध्यान से हम अपने इंद्रियों को नियंत्रित और तनाव को दूर कर सकते हैं। ध्यान हमारे हार्मोनल संतुलन को बनाए रखता है और शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। ध्यान द्वारा शरीर ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां हम स्वयं को बहुत हल्का और विचारों से मुक्त अनुभव करते हैं। अन्य उपस्थित साधकों में कविता, निर्मला, विशाखा, रजनी, मीनू, पूजा, राहुल, गौरव, अजय, रमेश चावला मौजूद रहे।



## संपादकीय

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण

**आम** चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है।

# कोरोना वैक्सीन पर राजनीति ठीक नहीं



रोहित माहेश्वरी

"इन डोजज में 1 अरब 70 करोड़ डोजज कॉविशील्ड के लगे हैं। वहीं, दुनिया में एस्ट्रेजनेका के 2 अरब 50 करोड़ से ज्यादा डोजज लगाए गए हैं। लेकिन 2021 में ही यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने 222 लोगों में एस्ट्रेजनेका की वजह से ब्लड क्लोटिंग की बात कही थी। मसलन उस वक्त लाख में 1 को खतरा था। वो भी यूरोपीय देशों में। भारत की जानकारी में भी ब्लड क्लोटिंग की बात थी और नजर और निगरानी इस पर रखी गई, लेकिन फायदा का आंकड़ा बहुत बड़ा था और नुकसान नगण्य है। यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं"

**कोरोना** महामारी से दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत हुई। कोविड से बचाव के लिए कई देशों की सरकारों की तरफ से आनन फानन में लोगों के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की गयी। दुनिया की कई कंपनियों ने कोविड वैक्सीन बनाया था। उन्हीं में से एक कंपनी एस्ट्राजेनेका थी। एस्ट्राजेनेका जिसने कोविशील्ड नामक कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया था ने स्वीकार किया है कि उसके द्वारा बनाए गए वैक्सीन से लोगों को कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि इससे खून के थक्के जमने की संभावना है। भारत में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कोविशील्ड के लगाए गए थे। लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के बनाए टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे दुर्लभ प्रभाव भी माना है। कोविशील्ड वैक्सीन के प्रभाव और इसके जोखिमों को लेकर लंदन से आई खबर के बाद भारत में बवाल मच गया है। अब इस मामले पर सियासत भी तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस अधक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा प्रमुख अखिलेष यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश ने कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लेकर उसे परमिशन दी गई, मामले की हाई लेवल जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि कोरोना काल में भी वैक्सीन का लेकर खूब राजनीति हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही साइड इफेक्ट का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें कोविशील्ड टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें कोवैक्सीन टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को नई सांस दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में टीटीएस सिंड्रोम कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुई? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी अर्द्धसत्य ही थे।



मीडिया रिपोटर्स के अनुसार भारत में कोविड के टीके का करीब 2 अरब 21 करोड़ डोजेज लोगों को लगाए गए हैं। भारत में 93 प्रतिशत लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है। कोविड वैक्सीन को मॉनिटर करने वाली ऐप कोविन की डेटा के अनुसार एईएफआई के मामले 0.007 प्रतिशत हैं। इन डोजेज में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कॉविशील्ड के लगे हैं। वहीं, दुनिया में एस्ट्रेजनेका के 2 अरब 50 करोड़ से ज्यादा डोजेज लगाए गए हैं। लेकिन 2021 में ही यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने 222 लोगों में एस्ट्रेजनेका की वजह से ब्लड क्लोटिंग की बात कही थी। मसलन उस वक्त लाख में 1 को खतरा था। वो भी यूरोपीय देशों में। भारत की जानकारी में भी ब्लड क्लोटिंग की बात थी और नजर और निगरानी इस पर रखी गई, लेकिन फायदा का आंकड़ा बहुत बड़ा था और नुकसान नगण्य है। यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिये हफ्ते में दो दिन सिर्फ एक बार खाना खाने की सलाह देते हैं, जिससे ब्लड क्लॉटिंग रोकने में मदद मिल सकती है। किसी भी टीके के रोल आउट के बाद एईएफआई यानी आफ्टर इवेंट्स फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन को देखा जाता है। ठीक ऐसा ही भारत सरकार ने कोरोना के टीके लगने के दौरान लंबे वक्त तक मॉनिटरिंग की। पोर्टल बना। कमेटी बनी। समय समय पर इसको देखा गया। अब एस्ट्रेजनेका को लेकर आई खबर के बाद भारत के कोविशील्ड सवालों के घेरे में है, हालांकि जानकारों का मानना है कि इतना लंबा असर नहीं होता है। कोई दिक्कत आती है तो या तो टीके के तुरंत बाद दिखती है या फिर महीने से डेढ़ महीने में असर दिखना शुरू हो जाता है। असर दिखा भी पर एईएफआई का वो फीसद भारत में टीके के बाद 0.007 प्रतिषत है। लिहाजा अब डरने की बात नहीं है। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं, जबकि कोरोना खत्म हुए और टीकाकरण का अभियान सम्पन्न हुए 2 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। जो होना था, वह हो चुका, शेष अतीत हो गया। लिहाजा बीमार करने वाले लक्षणों से जरूर बचें। चिकित्सा विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि जिन्होंने कोरोना की वैक्सीन लगाई है, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी और राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। ये मामला आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मसला है। आमजन को भी राजनीति और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही खबरों की बजाय चिकित्सा विशेषज्ञों की बात पर विश्वास करना चाहिए।

## कविता

आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं।

आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं
जो सीधी भी,
सादी भी,
बोल दे सारी मन की व्यथा भी।

फूलों की दीपमाला सी
धूप दीप सी
मंत्रोचार सी।

जिसे चाह ना हो माया की,
खुली हर पीड़ित के लिए
जिसकी बांहें हो।

नयन जिसके आतुर हो
हर पल हर घड़ी
प्रभु दर्शन के लिए।

हर दिल की पीड़ा घोले
आंखों में जिसकी
झलकता प्यार हो।

हंसी में जिसकी
हरसृंगार फूल सा खिलता
रुपहला सारा संसार हो।

आकृती बनाना चाहता हूं
इंद्रधनुषी रंगों सेओत-प्रोत
मानवीय संभावनाओं के

संजीव

# सँवारकांठा से देश के सामने आर्तनाद

राकेश अचल

**देश की** राजनीति को रसातल में ले जाने का जो महायज्ञ देश में 2014 में प्रारम्भ हुआ था ,लगता है अब उसमें पूर्ण आहुति दी जा रही है। सांबरकांठा में दुनिया ने देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री का अरण्यरोदन देखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सर से न कांग्रेस का भूत उतर रहा है और न कांग्रेस के शाहजादे का। वे कांग्रेस और राहुल गांधी के नाम से इतने आतंकित हैं की अब अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र और खुद अपनी गारंटियों का जिक्र करना भूल गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों को हर दिन एक नई दिशा में ले जाने की कोशिश करते नजर आते हैं। चुनावी मुद्दों पर ठीके रहने में वे पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुझे शुरू में लग रहा था की माननीय मोदी जी 2014 में जैसे अच्छे दिन आएंगे का नारा देकर चुनाव जीत गए थे उसी तरह 2024 में भी मोदी गारंटियों के सहारे आसानी से चुनाव जीत जायेंगे ,किन्तु अब लगता है कि मोदी जी के हाथ से कांग्रेस ने उनका अभिमंत्रित रक्षासूत्र छीन लिया है। रक्षा सूत्र कमजोर होने से बिलबिलाये माननीय मोदी जी अब मंगलसूत्र छीनने का भय देश की महिलाओं को दिखाकर अपना वोट बैंक साध रहे हैं। मै माननीय मोदी जी की द्दढ इच्छाशक्ति, दूर-द्दष्टि और पक्के इरादों का कायल हूँ । हालांकि अतीत में ये तीनों तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी दवारा आपातकाल के समय गढ़े गए नारे थे। इंदिरागांधी पर देश को आपातकाल की अंधी सुरंग में धकेलने का आरोप था । देश की जनता ने उन्हें सत्ता से हटा भी दिया था ,लेकिन वे कभी भी विचलित नहीं दिखीं और ढाई साल बाद ही सत्ता में वापस लौट आयीं। बाद में उन्होंने देश के लिए शहादत भी दी। माननीय मोदी जी को अभी किसी ने सत्ता से बेदखल नहीं किय। वे दूसरा चुनाव भी प्रचंड मतों से जीते ,लेकिन तीसरी बार सत्ता में आने की हड़बड़ी ने उनके सर पर कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत ऐसा सवार किया है की उतरने का नाम ही नहीं ले रहा। मुझे अच्छा लगता है कि कम से कम कांग्रेस और राहुल गांधी ने पिछले दस साल में अपनी हैसियत ऐसे भूत की तो बना ही ली जो माननीय प्रधानमंत्री का चैन उड़ाए हुए है। माननीय कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ ही इस देश के मुसलमानों को हुआ बनाकर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के सामने खड़ा करने की कोशिश कर चुके हैं। बहु सनख्यक हिन्दू मुसलमानों को हौआ बताने से डरे या विचलित हुए ये अभी किसी को पता नहीं है ,लेकिन सत्तारूढ़ दल की घबड़ाहट बता रही है कि दाल में काला जरूर है। भाजपा एक और देश के बीस करोड़ मुसलमानों को आतंकी ,मानती है लेकिन दूसरी और मुसलमानों के लिए भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों को गिनाने लगती है। ,माननीय प्रधानमंत्री बीतते रोज अपने गृह प्रदेश गुजरात में थे। लगता है की भाजपा इस बार गुजरात को क्लीन-स्वीप नहींकरने जा रही।

## विचार

# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक

**विचार** और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक कुर्सीधारी की कहानी

डॉ सुरेश कुमार

**हे भगवान**, ये कुर्सी और सिंहासन के चक्कर में हम कितने चूर-चूर हो गए हैं, न? पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर बात तो यह है कि सिंहासन और कुर्सी में कुछ ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है! और इस तंत्र की उत्पत्ति पर क्या कहें! यह अंग्रेजों की देन है, पर कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व हमारे देश में बहुत पहले से है। जब किसी हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसके दोस्त और चमचे उसे चीयर कहते हैं। चीयर का अपभ्रंश चेयर हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है! कभी-कभी मुझे लगता है कि हम सभी भगवान के एक ही चुटकुले हैं, और वह है - "कुर्सी पर बैठने के बाद सबका सिर घुम जाता है!" अरे भगवान, यही है हमारी हालत। पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर यह सब कुछ भी नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है! पहले बात तो यह है कि अंग्रेजों ने हमें तो कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व दिया, पर क्या हम उनका स्वागत करें? और जब हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसे उसके दोस्त चीयर कहते हैं! चीयर का अपभ्रंश चेयर हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है!

मेरा एक मित्र था, उसने एक बड़ी सी कुर्सी पर अपना हक जमाया। पर क्या था! जैसे ही उसने उस पर बैठने का दावा किया, उसके मुँह से टेढ़े शब्द निकलने लगे! उसका टेढ़ा मुँह सीधे होने के बाद उसके शब्द भी सीधे हो गए, पर जब मैंने उसकी कुर्सी की जाँच की, तो मुझे उसके अंदर खटमलों की भीषण सेना का पता चला! और उन खटमलों ने मुझे बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि कुसीर्धारी के रक्त में से कितने भयंकर जर्म्स निकलते हैं!

# भाषा व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक

विजय गर्ग

**भाषा** व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, वैसे ही जैसे रोटी, कपड़ा और मकान। व्यक्ति की पहली भाषा ही उसकी जातीय पहचान और उसकी आंतरिक क्षमता के विस्तार का सशक्त माध्यम होती है। इसलिए व्यक्ति की क्षमता का महत्तम उद्घोष उसकी मातृभाषा में होता है। जाहिर है कि भारत जैसे बहुभाषिक देश में अल्पसंख्यक भाषाओं के संकुचन को स्वीकार करना दरअसल लोगों की मौलिक क्षमता के विस्तार में व्यवधान उत्पन्न करने के समान और राष्ट्र की व्यापक क्षमता के विकास को रोकने जैसा है। हालांकि, भारत में भाषाई अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की बहस पुरानी है, लेकिन धरातल पर जो नीति बनी, वह सब अंग्रेजी और उसके इर्द-गिर्द घूमती रही। इसलिए नीति-निर्माण, अनुपालन की मानसिकता, शिक्षण, शोध और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ता गया। भारतीय भाषाओं को द्वितीयक होना पड़ा है। इसका जो नुकसान सामान्य संदर्भों में हुआ, उनका मूल्यांकन होना बाकी ही था कि आज इन्हीं कारणों से डिजिटल संदर्भों में भारतीय भाषाओं और प्रकारांतर से उनके मूल भाषा- भाषियों को जो नुकसान हो रहा है, वह पहले से अधिक भयावह है।

अगर राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में देश की भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई होती, तो भारतीय भाषाएं अंग्रेजी के संघर्ष में एक बेहतर स्थिति में होतीं और आज कृत्रिम मेधा वाले दौर में उन पर आसन्न नए खतरे अपेक्षाकृत कम होते। ध्यान रहे कि हमारे संविधान निमार्ता इसको लेकर सजग थे और भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए अनुच्छेद 29 (1) के माध्यम से भारत के किसी भी हिस्से में रहने वाले नागरिकों की अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार, अनुच्छेद 29 (2) द्वारा राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश पाने का अधिकार और अनुच्छेद 30 (1) के माध्यम से भाषा सहित सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित और संचालित करने के अधिकार की व्यवस्था की गई थी। संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र के अनुच्छेद 1 (3) के माध्यम से भी आश्वासन दिया गया था।

## न्यूज फ्लैश

### कबाड गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नंदगांव रोड स्थित कबाड़ गोदाम में गुरुवार की दोपहर आग लग गई। लपटें देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर दो दमकल पहुंचीं। आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने कर बात कही जा रही है। आग लगने का कारण पुलिस पता कर रही है। कस्बा पुलिस चौकी, हर-देव गंज निवासी वार्ड नं. छह सभासद राजरानी का नंदगांव रोड स्थित धर्मकांटे के पीछे कबाडे का गोदाम है। गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक गोदाम में रखे कबाडे में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम में आग लगने पर उठे धुआं व आग की लपटें देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए और गोदाम स्वामी के साथ अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। गोदाम में कबाड प्लास्टिक सहित अन्य ज्वलनशील सामान होने के कारण सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाडियों ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जब तक आग बुझाई गई, अंदर रखा सामान जलकर राख हो चुका था।

### राजू पर 25 वर्ष की उम्र में 32 केस, दोनों पैरों में लगी गोली

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
25 वर्ष की उम्र में 32 केस, 20 हजार का इनाम अंतरराज्यीय गैंगस्टर राजू ने वर्ष 2017 में जरायम की दुनिया में कदम रखा। पहला केस भी 2017 में ही दर्ज हुआ। राजू ने यूपी और राजस्थान में लगातार वारदातों को अंजाम दिया और खौफ का पर्याय बन गया। मथुरा पुलिस की गिरफ्त में आया था 10 हजार के जेवर बरामद हुए। राजस्थान और यूपी के बॉर्डर के जनपदों राजू वारदातों को अंजाम देता रहा है। देर रात शहर कोतवाली इलाके में पुलिस ने गैंगस्टर को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। नेशनल हाईवे पर अलवर पुल के पास सर्विस रोड थाना क्षेत्र कोतवाली क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर डकैत गोली लगने से घायल हो गया। कब्जे से दो घटनाओं में चोरी की गई 10 लाख से अधिक की ज्वैलरी, एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान राजू के दोनों पैरों में गोली लगी है। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत किया गया है ।राजू पुत्र स्व. रामपाल निवासी बूडी का नगला थाना न्यू आगरा जिला आगरा जनपद मथुरा से वांछित चल रहा था। जिसके विरुद्ध अलग अलग राज्यों के विभिन्न थानों पर नकबजनी, डकैती, गैंगस्टर, चोरी आदि के 32 मुकदमे पंजीकृत हुए हैं। पुलिस के मुताबिक राजू उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्यों में अपने साथी के साथ रैकी कर बंद मकान मिलने पर घर के ताले तोडकर घर मे रखी ज्वैलरी व रुपये आदि चोरी करके ले जाता था।

### एमवीडीए ने दो स्थानों पर की सीलिंग की कार्यवाही

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एमवीडीए ने नियम विरूद्ध निर्माण पर कार्यवाही करते हुए दो निमार्णों को सीज किया है। गिरीश सिसोदिया पुत्र गोविंद राम वाटर रेट संख्या 105 फोगला आश्रम के पीछे होटल तृप्तम के दाएं और स्वीकृत मानचित्र से विरुद्ध किए गए। निर्माण एवं अतिरिक्त तृतीय तल के निर्माण को आज वृंदावन कोतवाली पुलिस बल के सहयोग से सील किया गया। निर्माणकर्ता को कारण बताओ नोटिस दिया गया। आवेदक द्वारा शमन प्रस्तुत नहीं किया। जिसके क्रम में सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के आदेश के क्रम में सील किया गया। सील की कार्रवाई में अवर अभियंता अनिल सिंघल, सुनील राजोरिया, दिनेश गुप्ता तथा वृन्दावन कोतवाली का पुलिस बल उपस्थित रहा। वहीं दूसरी कार्यवाही कृष्णा नगर में की। यहां प्रमोद कुमार द्वारा दीप नर्सिंग होम के सामने कृष्णा नगर थाना हाईवे में किए गए भूतल एवं प्रथम तल पर व्यवसायिक निर्माण को कृष्णा नगर पुलिस चौकी तथा पुलिस बल, प्राधिकरण स्टाफ की उपस्थिति में सील किया गया। कारण बताओ नोटिस दिया गया। परंतु कोई जवाब उन्होंने प्रस्तुत नहीं किया। और नहीं शमन प्रस्तुत किया। सील की कार्रवाई में अवर अभियंता अनिल सिंघल, सुनील राजोरिया, दिनेश गुप्ता, सहायक अभियंता सुमित, कृष्णा नगर पुलिस चौकी के इंचार्ज विक्रांत तोमर तथा पुलिस बल उपस्थित रहे।

### 25 हजार के इनामी गो तस्कर को किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 25 हजार के इनामी गोतस्कर को बाद गिरफ्तार किया है। छाता पुलिस व स्वाट टीम ने अभियुक्त जकरिया पुत्र उस्मान निवासी घासेडा थाना नूंह सदर जिला नूंह हरियाणा को ग्राम घासेडा थाना नूंह सदर जिला नूहं हरियाणा स्थित घर से गिरफ्तार किया।

# अनुराग ठाकुर अब तक के सबसे फेल सांसदों में से एक: रायजादा

## कांग्रेस प्रत्याशी रायजादा ने लिया बाबा बाल जी का आशीर्वाद



**राजन पुरी**
**ऊना:** कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने बुधवार को कोटलाकलां स्थित आश्रम पहुंचकर राष्ट्रीय परमसंत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लिया।
इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए रायजादा ने कहा कि अनुराग ठाकुर अब तक के सबसे फेल सांसदों में से एक हैं, जोकि सिर्फ स्टारडम का लुत्फ उठा रहे हैं। सवाल दागते हुए रायजादा ने कहा कि अनुराग ठाकुर बताएं कि लगातार 4 बार सांसद रहने के बावजूद अनुराग ठाकुर के गृह जिला हमीरपुर में एक भी बड़ा खेल स्टेडियम अब तक क्यों नहीं बन पाया है। क्यों हमीरपुर जिला तक रेललाइन आज दिन तक नहीं पहुंच पाई। अनुराग से पहले उनके पिता भी सांसद रहे हैं फिर भी अपने गृह जिला के लिए क्यों कुछ नहीं कर पाए। रायजादा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को अनुराग ठाकुर के सांसद बनने का कोई फायदा नहीं मिल पाया है। जब वह अपने गृह जिला के लिए ही कुछ नहीं कर पाए तो अन्य जिलों के लिए क्या कर सकेंगे। कुछ ऐसा ही हाल ऊना, बिलासपुर, देहरा और धर्मपुर का भी अनुराग ठाकुर ने किया है।
रायजादा ने कहा कि खेल मंत्री रहने के बावजूद भी अनुराग ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र के खिलाडियों को उच्च मुकाम तक नहीं पहुंचा पाए हैं और न ही अपने संसदीय क्षेत्र में खेलों के बड़े स्टेडियम और खेल सुविधाओं का इंतजाम कर पाए है। संसदीय क्षेत्र में तो अनुराग ठाकुर ने खेलों और खिलाडि?ों की तरफ ध्यान तक ही नहीं दिया है और कभी भी किसी ने उन्हें क्षेत्र के खेल मैदानों के आसपास भी नहीं देखा है। उन्होंने कहा कि जनता ने अनुराग ठाकुर को बड़ी जिम्मेदारी 4 बार सौंपी, लेकिन वह चारों बार ही जिम्मेदारी निभाने में फेल हुए हैं। जनता को भी सवाल करना चाहिए कि 4 बार सांसद रहने पर उनके जिलों में अनुराग ठाकुर ने क्या किया है? जनता स्वयं भी नजर दौडाए तो वह पाएगी कि सांसद ने उनके क्षेत्र में कुछ नहीं किया है।

## दहेज के मुकदमें में 2005 फरार चल रही महिला आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
दहेज के मुकदमें में वर्ष 2005 में भगोडा घोषित हुए महिला आरोपी को थाना शहर बल्लभगढ़ प्रबंधक महेन्द्र सिंह की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी प्रवीन गांव घसेडा नहूं की रहने वाली है।
महिला आरोपी को थाना पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी महिला के घर से दहेज के मुकदमें में काबू किया गया है। आरोपी महिला को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला के खिलाफ वर्ष 2004 दहेज का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें महिला को वर्ष 2005 में पीओ घोषित किया गया था। जो महिला के साथ अन्य दो आरोपियो के नाम भी शामिल है जिसमें हमीद और हमीद की पत्नी अंजनी (गिरफ्तार महिला के माता पिता है) का नाम शामिल है। अन्य दोनों आरोपियो की मृत्यु हो चुकी है।
पीडिता के पति को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है जो जमानत पर आने के बाद अदालत से गैर हाजिर चल रहा है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी महिला को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर लगाया 10 हजार का जुर्माना



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम की टीम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर एक दुकानदार पर 10 हजार का जुमार्ना लगाया है। नगर निगम की टीम ने जुमार्ना रसीद के साथ दुकानदार का फोटो सूट भी कराया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर निगम टीम द्वारा मंडी चौराहे पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान चलाया गया।
प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध चलाये गये अभियान के अन्तर्गत 20 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं प्लास्टिक जब्त करते हुये धनराशि 10 का जुमार्ना वसूल किया गया। इसके साथ ही सख्त निर्देश दिये गये कि भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाये, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अभियान के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल व सफाई निरीक्षक केके सिंह व मुकेश शर्मा सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झज्जर: पिता ने बेटी को लोहे की बेल से बांधकर की पिटाई

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
बहादुरगढ़ शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली एक बेटी ने अपने पिता पर मारपीट करने के साथ-साथ लोहे की बेल से बांधने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को इस मामले की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची और युवती को छुड़वाया गया। पुलिस ने गुरुवार को युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शहर के जटवाड़ा मोहल्ला का है।
जटवाड़ा मोहल्ला की रहने वाली एक युवती ने पिता पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने पुलिस को बताया है कि उसे उसके पिता द्वारा एक सप्ताह से लोहे की बेल से बांध कर रखा गया था। साथ ही मारपीट भी की गई। कील वाले डंडे से पीटा गया।

## मैहतपुर में मंडी के दो युवक चिट्टे संग गिरफ्तार



**राजन पुरी**
**ऊना:** सत्संग घर मैहतपुर के समीप पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को चिट्टे संग काबू किया है। आरोपियों की पहचान उदय कुमार व हितेश कुमार जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस बुधवार शाम को मैहतपुर सत्संग घर के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मैहतपुर की तरफ से आ रहे बाइक को को रूकने का इशारा किया। बाइक चालक पर दो लोग सवार थे। पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए। बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति ने एकदम अपनी जेव से पोलोथीन लिफाफा नीचे फैंक दिया। लिफाफा खोलकर चैक किया, तो 13.13 ग्राम चिट्टे बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय उदय कुमार व 30 वर्षीय हितेश कुमार निवासी जिला मंडी के रूप में हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महंगाई से लगे मिलावट को पर, मजबूरी में कर रहे सेहत का सौदा

**मिलावट**

**8 मिलावटी खाद्य पदार्थों पर संबंधित विभाग के द्वारा छापामार कार्रवाई की जाती है**





**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महंगाई से मिलावट खोरी को पर लग गये हैं। जरूरतमंद लोग यह समझने के बावजूद कि इतना सस्ता सामान वह खरीद रहे हैं वह शुद्ध नहीं हो सकता, मजबूरी में सेहत का सौदा कर रहे हैं। दुकानों से लेकर ठेल ढकेलों तक खाद्य पदार्थों में मिलावट है। मिलावटी खाद्य पदार्थों पर संबंधित विभाग के द्वारा छापामार कार्रवाई की जाती है लेकिन इसका असर कुछ नहीं होता। मिलावटखोरों को कोई रणनीति बनाने की भी जरूरत नहीं रही है, मजबूरी में लोग सस्ता सामान तलाशते हैं। पनीर 150 रुपये से 350 रुपये किलो तक बाजार में मिल रहा है, लोग फर्क समझते हैं पर सस्ता खरीदते हैं। वहीं आम आदमी अपनी जेब के बोझ को कम करने के लिए सस्ते पनीर की ओर भागता है। वहीं घी में भी कई प्रकार की वैरायटी बाजार में हैं।
बाजार में 600 रुपए किलो से लेकर 1200 रुपये किलो तक घी मिल रहा है। साथ ही कई प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा हजार रुपये किलो तक घी का विक्रय किया जा रहा है, पूजा के नाम पर 200 से 250 रुपए किलो भी घी मिल जाता है। वहीं जब इस संबंध में गौ पालन करने वाले साधु महंत मोहिनी बिहारी शरण से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पनीर, घी और खोआ यह ऐसी वस्तु हैं जिसमें मिलावट खोर मिलावट कर बाजार में सस्ते दामों में विक्रय करते हैं और साथ ही बड़े बड़े प्रतिष्ठान अपनी अच्छी क्वालिटी की बात कह कर महंगे दामों पर विक्रय करते हैं। आज आम आदमी जेब के बोझ को कम करने के लिए मिलावटी वस्तुओं का प्रयोग कर रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि आए दिन सुनने को मिलता है कि मिलावटी वस्तुओं के सेवन करने से कई लोग बीमार हो जाते है। उन्होंने साफ तौर पर संबंधित विभाग को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## 40 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब से भरा हुआ ट्रक जब्त, 7800 बोतलें बरामद

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर जिला भर में मादक पदार्थो एवं शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कड़ी कार्रवाई की। जिला पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग थाना के गांव मोरीवाला क्षेत्र में ट्रक में भर कर अवैध रुप से ले जाई जा रही ऑल सीजंस मार्का अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है।
पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि काबू किए गए आरोपी की पहचान विशाल पुत्र पप्पू राम निवासी बरवाला, जिला हिसार के रुप में हुई है । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत डिंग थाना में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है । उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।
पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि बरामद की गई 7800 शराब की बोतलों की स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है ।पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिला पुलिस की और से साथ लगती पंजाब व राजस्थान सीमाओं तथा जिला के अंदर कुल 32 नाके लगाए गए है । उन्होंने बताया कि नाकों से गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की बारिकी से जांच की जा रही है ।

## जर्मनी भेजने का झांसा दे ठगे 18 लाख

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जुलाना थाना पुलिस ने जर्मनी भेजने का झांसा देकर 18 लाख रुपये की राशि हडपने तथा फर्जी वीजा देने पर तीन युवकों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव पडाना निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने का इच्छुक था। जानकार के माध्यम से उसका संपर्क हिसार अबरोड कनेक्शन इमीग्रेशन से हुआ।
हिसार कार्यालय पर दडबा कला निवासी हैप्पी, आदमपुर मंडी निवासी पुष्प, गांव केमरी निवासी राजेश तथा दो अन्य युवक और मिले। जिन्होंने जर्मनी भेजने के नाम पर 18 ला रुपये की डिमांड की। उन्होंने ग्रीस के रास्ते जर्मनी भेजने की बात कही।

## मथुरा में सर्वे हो जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा

**सर्वेक्षण**

**8 -हिन्दूवादी नेता ने कहा कि न्यायालय साक्ष के आधार पर करता है फैसला**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के बराबर बनी शाही ईदगाह में पुरातात्विक सर्वेक्षण हो जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। न्यायालय साक्षों और तथ्यों के आधार पर निर्णय देती है। साक्ष हमारे मजबूत हैं इसी लिए हम न्यालयाय गये हैं, जबकि दूसरे पक्ष को मजबूरी में बचाव करने के लिए न्यायालय जाना पडा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज हाईकोर्ट में सूट नंबर नौ और सूट नंबर 15 पर बहस हुई है। इस बहस में हिंदू पक्ष की तरफ से बहस के दौरान अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि न्यायालय में प्राचीन साक्ष्य हिंदू पक्ष जमा कर चुका है। हिंदू पक्ष ने भी अपनी दलील में कहा कि यह जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। इस स्थान पर पहले भी कई बार केस चल चुका है, इसलिए यह जमीन, इस स्थान पर वरशिप एक्ट 1991 लागू नहीं होता है। कई बार हिंदू राजाओं ने हिंदू मंदिर को बनाया था। यहां पर भी यह मुकदमा चलने योग्य है और सर्वे का आर्डर होना चाहिए, हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि यहां पर पहले मंदिर था।
**फोटो-**
फोटो परिचय-समर्थकों के साथ हिन्दूवादी नेता दिनेश शर्मा।

# दो फुटवियर फैक्टरियों में लगी भीषण आग, 8 घंटे में पाया काबू

**आग**

**8 दमकल अधिकारी ने बताया है कि दोनों फैक्टरियों में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है**



**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
बहादुरगढ़ के सेक्टर-17 स्थित फुटवियर की दो फैक्टरियों में गुरुवार की सुबह आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया है। बहादुरगढ़ के अलावा रोहतक व दिल्ली से आईं दमकल टीमों ने आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका आग लगने के कारण पता नहीं चल सका है।
बहादुरगढ़ के सेक्टर-17 औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर एचएसआईडीसी सेक्टर-17 में स्थित फैक्टरी संख्या 218 और 241 में लैम एंड फैब नाम से चल रही जूते-चप्पल बनाने वाली दो फैक्ट्रियों में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण फैक्टरी के अंदर रखा लाखों रुपये का कच्चा और तैयार माल जलकर पूरी तरह से राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की बहादुरगढ़ से पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।
फायर ब्रिगेड ऑफिसर रविंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के कर्मचारियों ने करीब 1 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद फैक्टरी संख्या 218 में लगी आग पर काबू पा लिया, लेकिन फैक्टरी संख्या 241 में आग भीषण होने के कारण उसे काबू करने में 8 घंटे का समय लगा। दमकल अधिकारी कुमार ने बताया है कि दोनों फैक्टरियों में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। यह जांच का विषय है कि इन दोनों फैक्ट्रियों के पास फायर एनओसी थी या नहीं।
फैक्टरी संख्या 241 के मालिक सुनील जिंदल ने बताया कि अभी फैक्टरी में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। कच्चा व तैयार माल के साथ बिल्डिंग को भी क्षति पहुंची है। नुकसान का आकलन आग बुझने के बाद ही लगाया जा सकता है। वहीं 218 नंबर फैक्टरी के मालिक आकाश कपूर ने बताया कि फैक्टरी में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस मौके पर बीसीसीआई के प्रधान सुभाष जग्गा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट नरिंदर छिकारा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्रमिक दिवस पर महिला श्रमिकों को मिला सम्मान



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर महिला श्रमिकों का सम्मान किया। इस अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि कामकाजी महिलाओं को अधिक समय तक कार्य करना पड़ता है। प्रायः महिलाएं लगभग आठ नौ घण्टे घरों से बाहर कार्य करती है। जिससे महिलाओं को घर और बाहर दोहरी भूमिका का निर्वाह करना पड़ता है महिला श्रमिकों को काम से संबंधित गंभीर समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ता है जैसे निरंतरता की कमी, असुरक्षा, वेतन भेदभाव, अस्वस्थ नौकरी संबंध, चिकित्सा और दुर्घटना देखभाल की अनुपस्थिति आदि। सरकार को श्रमिक महिलाओं के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर महिला श्रमिक बहनों सुमन देवी, मालती देवी, आशा देवी, बेवी रानी, पूरन देवी, गंगा देवी आदि पटका पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति मथुरा सदस्य सीमा शर्मा कुमकुम राज पूत निशा राजपूत गौरी राजपूत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 03 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


फास्ट न्यूज

## अवैध मदरसे से 21 बच्चों को कराया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** दुबग्गा के अवैध मदरसे से बाल आयोग की टीम ने 21 बच्चों को मुक्त कराया। इनमें से अधिकतर बच्चे बिहार के हैं, जिन्हें दस दिन पहले ही यहां लाया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की। अंधे की चौकी के कशमंडी रोड स्थित लालनगर खेड़ा गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के मदरसा जमी आतुल कासिम अल इस्लामिया चल रहा था। ग्रामीणों ने बाल आयोग को शिकायत कर बताया कि मदरसे में छोटे-छोटे बच्चों को रखकर कट्टरपंथी तालीम दी जा रही है। दो कमरों के मदरसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर बाल आयोग की टीम बुधवार शाम यहां पहुंची। टीम ने देखा कि दो कमरों में 24 बच्चे रह रहे हैं। इनमें से 21 को मुक्त करवाकर बाल आयोग भेजा गया। बचे तीन बच्चे मदरसा संचालक मौलाना इरफान के हैं, जो उन्हें सौंप दिए गए। मौलाना का साथी शिक्षक सैफुल्लाह भी यहां काम करता है। दोनों बिहार के दरभंगा के गयारी थाना बिरौल के रहने वाले हैं। बाल आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि इरफान आजमगढ़ के दरियापुर गांव निवासी जीशान का मकान किराये पर लेकर मदरसा चला रहे थे। टीम की पूछताछ में बच्चे अपना पता नहीं बता सके। हालांकि, यह कहा कि वे बिहार के रहने वाले हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि मौलाना जन्नत जाने की तालीम देते थे। कहते थे कि इससे मां और पिता की याद नहीं आती।

## दो पक्षों में विवाद के बाद खूनी संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुड़की:** रुड़की के मंगलौर सामुदायिक केंद्र में गुरुवार को दो पक्षों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चले। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, बुधवार की रात मोहल्ला किला में दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस समय आस-पास के लोगों ने मामला शांत करा दिया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और मारपीट हो गई। इस बीच दोनों पक्ष कस्बा पुलिस चौकी पहुंचे। यहां पर दोनों पक्षों में विवाद और बढ़ गया और जमकर मारपीट हो गई। इस पर पुलिस ने मामला शांत कराकर दोनों पक्षों के लोगों को चोट आने पर मेडिकल कराने के लिए मंगलौर सामुदायिक केंद्र भेज दिया। बताया जा रहा है कि सीएचसी के अंदर ही दोनों पक्षों के लोग धारदार हथियार लेकर आ गए।

# मैनपुरी में सीएम योगी ने किया भव्य रोड शो

### सपा को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

**मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में सीएम योगी ने रोड शो किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

मैनपुरी: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख मैनपुरी के मतदाताओं के मनोभाव जुबां पर आ गए। योगी सरकार के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में जब योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया तो मतदाताओं ने योगी जी को विश्वास दिलाया कि मैनपुरी अब आपके साथ है। सात मई-मैनपुरी से सपा गई। चिलचिलाती धूप में भी सड़कों पर योगी के स्वागत में मैनपुरी का आम जनमानस उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कमल के फूल का कटआउट लेकर रोड शो के पूरे रास्ते आमजन चलते रहे। सपा के गढ़ में घर-घर की छतों से एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंज रहे थे। लगभग एक घंटे के रोड शो में हर तरफ योगी-योगी ही होता रहा।

**मुख्यमंत्री योगी के प्रति दीवानगी** : आर्य समाज परिसर से भावंत चौराहे तक निकले रोड शो में सड़कों पर दर्जनों बुलडोजर खड़े रहे। कानून व्यवस्था के पर्याय बुलडोजर पर खड़े मैनपुरी वासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ पर खड़े योगी आदित्यनाथ पर फूलों की खूब वर्षा की। आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही गीत पर युवा थिरकते रहे। जो बच्चे वोट नहीं दे सकते, उनमें भी योगी जी के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। महिलाएं छत से कहीं हाथ जोड़े खड़े रहीं तो कहीं फूलों की वर्षा करती रहीं। मुख्यमंत्री योगी जिस पर सवार थे, न सिर्फ वह वाहन भगवा दिखा और गेंदे के फूलों से सजा रहा, बल्कि रोड के दौरान सड़कों पर भी भाजपा और भगवा झंडा फहराता रहा। जयश्रीराम के नारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मैनपुरी ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रथ पर मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह, योगी सरकार के मंत्री संदीप सिंह आदि शामिल रहे।



### मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर: योगी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रही है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार में सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश कर रहे हैं। देश के अंदर मुस्लिम तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए कांग्रेस गोहत्या को प्रश्रय देने की कुत्सित चेष्टा भी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़। आस्था का सम्मान करने वाला सच्चा भारतीय इसे कतई सफल नहीं होने देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन श्रीराम व प्रदेश के विकास के लिए समर्पित था। उनके निधन पर सपा ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं व्यक्त किए थे। वहीं मुलायम सिंह के निधन पर मैं उनके घर गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संवेदना व्यक्त की थी। जो सपा बाबू कल्याण सिंह का अपमान करती हो, आस्था से खिलवाड़ करती हो, ऐसी परिवारवादी समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए।

### विरासत टैक्स की बात करने वाले औरंगजेब के नए अवतार: योगी

**फिरोजाबाद** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांग्रेस पर बिफरे। बोले कि कांग्रेस-सपा इंडी गठबंधन वाले औरंगजेब के नए अवतार पैदा हो गए हैं, जो कहते हैं कि विरासत टैक्स लगाएंगे। जैसे औरंगजेब ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था, ये वैसे ही चाहते हैं। सीएम ने पूछा कि क्या स्वतंत्र भारत में आप जजिया कर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि देश जब मजबूत हाथों में होता है तो दुश्मन दब कर रहता है और मजबूर हाथों में रहता है तो दुनिया आंखें दिखाती हैं। दुश्मन भारत की थप्पड़ मारने की तरफ लपकता है तब तक यहां से जोरदार घूसा जड़ा जाता है।

# कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए थे दिनेश

**देंगे चुनौती**

**2019 में सोनिया के खिलाफ लड़ा चुनाव... रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी बने दिनेश प्रताप सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कयासों को विराम देते हुए रायबरेली से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह को पार्टी ने रायबरेली से टिकट दिया है। दिनेश प्रताप जिले में पार्टी के एक प्रमुख चेहरे हैं और 2019 के चुनाव में उन्होंने सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश की सबसे हॉट सीट पर भाजपा से लड़ने वाले दिनेश प्रताप सिंह योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं व उनके पास उद्यान व कृषि विपरण का कार्यभार है। वह तीसरी बार 2022 में स्थानीय निकाय से विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके पहले 2010 व 2016 में कांग्रेस के टिकट से वह विधान परिषद के सदस्य थे।

हालांकि 2018 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। समाजवादी पार्टी से राजनीति सफर शुरू करने वाले दिनेश प्रताप के एक भाई विधायक व एक भाई जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं। जिले के हरचंदपुर क्षेत्र के गुनावर कमंगलपुर के मूल निवासी दिनेश प्रताप के परिवार का जिले की राजनीति में खासा वर्चस्व है। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें सोनिया गांधी के खिलाफ 2019 में अपना प्रत्याशी बनाया। उन्होंने सोनिया गांधी की चुनावी रफ़्तार को रोकते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया।

## बदरीनाथ पहुंचकर मुख्य सचिव ने लिया यात्रा व्यवस्था का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को बदरीनाथ पहुंच कर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनाने और पुनर्निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव पर्यटन विभाग के विशेष कार्य अधिकारी भाष्कर खुल्वे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे और डीजीपी अभिनव कुमार के साथ हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम पहुंची। धाम में पहुंचने पर उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

# चारधाम यात्रा: हेली सेवा की बुकिंग फुल, फर्जीवाड़े से बचें




**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून :** चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा की बुकिंग आगामी जून तक फुल हो गई है। ऐसे में अगर अब इंटरनेट पर बुकिंग का प्रयास किया तो जेब खाली भी हो सकती है। देशभर में साइबर ठगों ने इंटरनेट पर फर्जी वेबसाइट का जाल बिछा दिया है।

केदारनाथ हेली बुकिंग शुरू होते ही पुलिस के पास ठगी को लेकर शिकायतें पहुंचनी शुरू हो गई हैं। यही नहीं साइबर ठग वीवीआईपी दर्शन और स्पेशल पूजा कराने का झांसा देकर भी लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस सभी मामलों की निगरानी कर रही है।

**साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे:** दरअसल, पिछले साल से हेली टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी के माध्मय से की जा रही है। पिछले साल स्लॉट के हिसाब से बुकिंग की जा रही थी। शुरूआत में सात, फिर 10 और बाद में 15-15 दिनों के लिए टिकट विंडो खुल रही थी। लेकिन, इस बार आईआरसीटीसी की टिकट विंडो खुलते ही जून तक के टिकट बुक हो गए हैं।ऐसे में ठगी की संभावना और ज्यादा बढ़ गई है।

**ठगी की शिकायतें**

**केदारनाथ हेली बुकिंग शुरू होते ही पुलिस के पास ठगी को लेकर शिकायतें पहुंचनी शुरू हो गई**

कारण है कि जब टिकट मुख्य वेबसाइट से बुक नहीं होते तो लोग दूसरे किसी माध्यम की तलाश शुरू कर देते हैं। ऐसे में लगातार सर्च करने और सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा लेते हैं।

**टिकट नहीं मिल रहे तो अन्य साइटों पर न करें भरोसा** :एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि केदारनाथ के लिए हेली बुकिंग के नाम पर ठगी साल दर साल बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि लोगों को हेलीकॉप्टर की बुकिंग करते वक्त सचेत रहने की जरूरत है। टिकट नहीं मिल रहे तो अन्य साइटों पर भरोसा न करें। साइबर ठग केदारनाथ हेली बुकिंग के नाम पर लगातार साइट बनाने के साथ सोशल मीडिया पोर्टल पर अपनी पोस्ट डाल रहे हैं।

# संत पुजारियों ने कहा-जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** भारतीय जनता पार्टी बेणीमाधव मंडल में भाजपा की मठ मंदिर की टोली के कार्यकताओं ने 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार बनाने को लेकर मठ मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिये। इस अभियान का शुभारम्भ मठ महंत जनसम्पर्क टोली प्रमुख सुभाष वैश्य ने बेणीमाधव मंदिर दारागंज एवं श्री निमोर्ही अखाड़ा दारागंज से किया। इस अवसर भगवान बेणी माधव मंदिर दारागंज के पुजारी सर्वदानंद महाराज एवं श्री निरंकारी अखाड़ा दारागंज के सचिव ओंकार गिरी एवं महंत राधेश्याम पुरी ने कहा कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अभियान का मंदिर के पुजारी और संतों ने स्वागत किया। यह अभियान 23 मई तक इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी छोटे-बड़े मठ मंदिर में जाकर मठ मंदिर जनसम्पर्क टोली मंदिर मठ एवं धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकताओं से जनसम्पर्क कर 400 पार मोदी सरकार बनाने का आशीर्वाद लेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भरत निषाद, तीर्थराज पांडे, मनोज, राजेश पाठक, सोनू निषाद मुकेश शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, आनंद गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल, सुशील जैन मौजूद रह।

# पेड़ों की कटाई पर शासन से फिर मांगी रिपोर्ट

**जवाब तलब**

**महाकुम्भ को लेकर वन विभाग की 1 लाख 49 हजार पेड़ लगाने की है योजना**

**टीम एक्शन इंडिया**

प्रयागराज: प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 को लेकर सड़कों के चौड़ीकरण करने में काटे जा रहे पेड़ों को रोकने को लेकर दखिल जनहित याचिका पर आज प्रदेश सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि जितने भी पेड़ काटे जाएंगे उससे दस गुना पौधरोपण सरकार द्वारा किया जाएगा। सरकार की तरफ से बताया गया कि महाकुम्भ को लेकर प्रयागराज शहर में एक लाख 49 हजार पौधों को लगाने की योजना है।



यह काम वन विभाग की तरफ से होना है और इसके लिए कुम्भ के बजट में प्रावधान किया गया है। इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से इस सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने जानना चाहा है कि सरकार एवं उसके विभागों की क्या योजना है। क्या पेड़ों को बचाने की कोई योजना है। हाईकोर्ट इस मामले पर पुनः शुक्रवार को सुनवाई करेगी। यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा की तरफ से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया।

याचिका पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया गया कि प्रयागराज में कुम्भ के नाम पर शहर में सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

# पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को कोचिंग में 50 प्रतिशत छूट

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस के कर्मियों के कक्षा नौ से स्नातक तक के बच्चों को स्कूल के साथ-साथ नीट, आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अनएकेडमी कोचिंग संस्थान पचास फीसदी की छूट देगा जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कर्मियों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने में यह पहल काफी सहायक सिद्ध होगा। इससे न केवल पुलिस कर्मियों के बच्चों को नीट, जेईई आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मदद मिलेगी बल्कि



पुलिसकर्मी भी अपनी परिवारिक जिम्मेदारी अच्छे से वहन कर सकेंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर भी पड़ेगा।

जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने बताया कि पुलिस कार्मिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए इस तरह के पहल होते रहें। समाज में अपराध मुक्त वातावरण के लिए पुलिस का सकारात्मक ऊर्जा से भरा होना जरूरी है। इस मुहिम में सहयोग के लिए पुलिस कमिश्नर ने अनएकेडमी शिक्षण संस्थान का आभार भी व्यक्त किया।

**गुणवत्ता पर जोर**

**आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अनएकेडमी कोचिंग संस्थान पचास फीसदी की छूट देगा**

अनएकेडमी निदेशक ने बताया कि अनएकेडमी एक अग्रणी शैक्षिक मंच है जो नीट, आईआईटी, जेईई के साथ कक्षा ग्यारह और बारह के लिए मूलभूत पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग करता है।

## हिंदुओं को गंगा में बहा देंगे: टीएमसी एमएलए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक का वीडियो वायरल हुआ है। उनका नाम हुमायूं कबीर है।

मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने देशभर के समूचे हिंदू समुदाय को गंगा नदी में बहाने की धमकी दी है। गुरुवार को सामने आए इस वीडियो में वह कहते सुने जा सकते हैं, "तुम लोग 70 फीसदी हो और हम लोग 30 फीसदी, लेकिन तुम लोगों को दो घंटे में गंगा में नहीं बहा दिए तो राजनीति छोड़ दूंगा।"

# मोदी के 400 पार के आह्वान को सफल बनाएं: अनुप्रिया पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** कछवा क्षेत्र के बाड़ापुर, चिड़िया, नारायनपुर तथा सबेसर गांव में भाजपा और अपना दल कार्यकताओं की समन्वय बैठक में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का आह्वान आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया है। लक्ष्य जरूर बड़ा है परंतु इस लक्ष्य पर काम आप कार्यकताओं को करना है। समन्वय बैठक में उन्होंने कहा कि 400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है। इसमें एक सीट



मीरजापुर की भी है। अपना दल और भाजपा के कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप सभी कार्यकताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है जैसे मीरजापुर में छह लेन के पुल का शिलान्यास, बरैनी-भटौली तथा चुनार गंगा पुल, मीरजापुर में कई पांटून पुल, मेडिकल कॉलेज, उज्वला योजना आदि।

**अपील**

**एनडीए के अगले कार्यकाल में दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बनने जा रहा भारत**

# बर्फ हटाकर हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही की सुचारू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** हेमकुंड यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को भारतीय सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर ने हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। बदरीनाथ धाम के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रा तैयारियों को लेकर हेमकुंड साहिब के यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर भारतीय सेना के 35 जवान और 15 सेवादार गुरुवार को हेमकुंड साहिब पहुंचे, जहां सेना के जवानों और सेवादारों ने अरदास कर गुरुद्वारा प्रांगण के द्वार खोल दिए हैं। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट आगामी 25 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। यात्रा मार्ग का सीढ़ियों वाला हिस्सा खतरनाक बना हुआ है।

**खुलेंगे कपाट**

**यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर भारतीय सेना के 35 जवान और 15 सेवादार गुरुवार को हेमकुंड साहिब पहुंचे,**

**समीक्षा** श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी

# केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रप्रयाग/देहरादून:** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी। साथ ही कार्य की रफ्तार बढ़ाकर 10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन का उपयोग करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे गुरुवार सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय समय से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आस्था पथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त मजदूर लगाने के साथ यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने और यात्रा सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। श्रीकेदारनाथ के बाद मुख्य सचिव हेलीकॉप्टर से श्रीबद्रीनाथ पहुंची, जहां पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों से वार्ता करते हुए अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**दिशा-निर्देश**

**10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए**

